

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 29 अक्टूबर 2026

Jio

धन्यवाद, भारत!
जियो आपने बनाया।

आपके भरोसे से बना देश का सबसे बड़ा शेयरधारक परिवार।
79.62 लाख शेयरधारक।

लिस्टिंग के पहले ही दिन, मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के बाद
देश की **दूसरी सबसे बड़ी कंपनी** बनी जियो।

यह आपके भरोसे की जीत है। यह डिजिटल भारत के बढ़ते कदमों की पहचान है।



आकाश, ईशा और अनंत अंबानी

दिल्ली एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट ने दिखाई सख्ती

जिनका नाम पहले से दर्ज उनसे फॉर्म 6 क्यों भरवाया जा रहा है?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली एसआईआर पर सुनवाई करते हुए सीजेआई सूर्य कांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने बुधवार को दो टूक कहा कि फॉर्म 6, 7 और 8 तय प्रारूप हैं, जिनमें चुनाव आयोग कोई बदलाव नहीं कर सकता। कोर्ट ने सवाल उठाया कि जो लोग पहले से ही मतदाता सूची में शामिल हैं, उनसे अपना नाम फिर से दर्ज कराने के लिए फॉर्म 6 क्यों भरवाया जा रहा है? जबकि फॉर्म 6 नए मतदाताओं के लिए होता है। दिल्ली में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को चुनाव आयोग से कई अहम सवाल किए। कोर्ट ने पूछा कि ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से बाहर करीब 43 लाख मतदाताओं में जिनके नाम 'शिफ्टेड या अनुपस्थित' श्रेणी में दर्ज हैं, उन्हें दोबारा नाम जुड़वाने के लिए फार्म-6 भरने को क्यों कहा जा रहा है। यह फॉर्म नए मतदाताओं के रजिस्ट्रेशन के लिए होता है, जबकि ये लोग पहले से ही वोटर लिस्ट में शामिल थे। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा कि फॉर्म 6, 7 और 8 में बदलाव नहीं किया जा सकता है। बता दें, दिल्ली में एसआईआर से पहले करीब 1.45 करोड़ मतदाता थे। 31 अगस्त को जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में करीब 97.53 लाख नाम शामिल किए गए। इस तरह लगभग 47.57 लाख नाम ड्राफ्ट लिस्ट से बाहर रहे।

कहा- चुनाव आयोग फॉर्म 6, 7, 8 में बदलाव नहीं कर सकता



फॉर्म 6 पर यह है विवाद

फॉर्म 6 का विवाद तब शुरू हुआ जब पिछले महीने 'इंडियन एक्सप्रेस' ने रिपोर्ट दी कि दो चुनाव आयुक्तों ने एसआईआर के फॉर्म 6 बदलावों पर आपत्ति जताई थी। इसी आधार पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई। फार्म-6 को लेकर विपक्ष का मुख्य आरोप है कि चुनाव आयोग ने नए मतदाताओं के फॉर्म में एसआईआर से जुड़ी अतिरिक्त घोषणा जोड़कर नियमों का उल्लंघन किया और पहली बार वोटर बनने वालों के लिए अनावश्यक बाधा खड़ी की।

जब चुनाव नहीं तो डेडलाइन क्यों?

इस पीठ में जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना भी शामिल थे। जजों ने यह भी सवाल किया कि जब निकट भविष्य में राजधानी में कोई चुनाव नहीं होने वाला है, तो चुनाव आयोग 30 अक्टूबर की समय-सीमा (डेडलाइन) तय करने पर क्यों जोर दे रहा है? पीठ ने कहा, 'नामों को फिर से दर्ज कराने के लिए कोई अंतिम तारीख (कट-ऑफ डेट) तय न करें।' जजों ने चुनाव आयोग से कहा है कि वह उन मतदाताओं के लिए कोई आसान समाधान निकाले, जो किन्हीं कारणों से अपना राजिस्ट्रेशन फॉर्म जमा नहीं कर पाए थे। पीठ ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति, जिसका नाम पहले मतदाता सूची में था, अब उसमें नहीं है, तो उसे नए मतदाता मानने के बजाय उसकी स्थिति के हिसाब से कोई समाधान निकाला जाना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि चुनाव आयोग को केवल इस बात का इंतजार नहीं करना चाहिए कि मतदाता खुद आवेदन जमा करें। इसके बजाय, उसे सीधे मतदाताओं तक पहुंचने की कोशिश करनी चाहिए।

अवमानना मामला

राउत को 17 को पेश होने का निर्देश



उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को शिवसेना (उबाठा) सांसद संजय राउत को निर्देश दिया कि वह भारत के प्रधान न्यायाधीश और न्यायपालिका के संबंध में की गई टिप्पणियों को लेकर जारी अवमानना की कार्यवाही के सिलसिले में 17 नवंबर को अदालत के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश हों। राउत ने अपने एक ट्वीट में अल्बानिया में सुप्रीम कोर्ट जलाए जाने की घटना का हवाला देते हुए कहा कि भारत में भी ऐसे हालात हो सकते हैं।

विधान परिषद चुनाव : राजग ने 28 में से जीतीं 16 सीटें

यूपी में भाजपा ने 6 तो सपा ने जीतीं 5 सीटें, कांग्रेस को शून्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चार राज्यों में विधान परिषद की 28 सीट पर हुए चुनावों में भाजपा और राजग के उसके सहयोगियों ने 16 सीट जीतीं। यूपी में भाजपा ने 6 वहीं, समाजवादी पार्टी (सपा) ने पांच सीट पर जीत दर्ज की, जिनमें वाराणसी की दो सीट शामिल हैं। बिहार में दो निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की। राज्य में जन सुराज पार्टी ने भी अपना खाता खोला, जबकि पांच मौजूदा विधान परिषद सदस्य अपनी सीट हार गए। इन चुनावों में कांग्रेस को एक भी सीट पर जीत नहीं मिली।दरअसल, पहले इन 28 सीटों में से कांग्रेस के पास 4 सीटें थीं। कांग्रेस समेत पूरे विपक्ष का आरोप है कि भाजपा ईवीएम में हेरफेर कर चुनाव जीतते आ रही है। हाल के एसआईआर के विरोध के दौरान भी विपक्ष ने भाजपा और चुनाव आयोग पर वोट चोरी कर चुनाव जीतने का आरोप लगाया। लोकसभा और विधानसभा चुनाव बैलेट पेपर से कराने की मांग कर रहा है।

यूपी में लगा भाजपा को झटका

उत्तर प्रदेश में में बीजेपी और समाजवादी पार्टी में कांटे की टक्कर दिखी। यहां भाजपा ने 6 व समाजवादी पार्टी ने 5 सीटें जीतीं। यूपी में बीजेपी को दो बड़े झटके लगे हैं। पहला झटका यह कि लखनऊ की स्नातक सीट बीजेपी हार गई, जो पहले उसके पास थी। दूसरी तरफ आगरा से शिक्षक कोटे वाली सीट पर आकाश अग्रवाल समाजवादी पार्टी से जीत गए हैं। वाराणसी क्षेत्र की शिक्षक व स्नातक सीट एक बार फिर बीजेपी हार गई। शिक्षक सीट से सपा के लाल बिहारी यादव व स्नातक सीट से आशुतोष सिन्हा को जीत मिली।

कर्नाटक में कांग्रेस का सूपड़ा साफ

कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस को बड़ा झटका लगा। पार्टी चारों सीट हार गई। भाजपा ने तीन और जनता दल (सेक्युलर) ने एक सीट जीती। कर्नाटक में जद(एस) ने बेंगलुरु शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र कांग्रेस से छीन लिया। भाजपा ने उत्तर-पूर्व शिक्षक, दक्षिण-पूर्व स्नातक और पश्चिम स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में कांग्रेस उम्मीदवारों को हराया।

महाराष्ट्र, बिहार का यह रहा हाल

भाजपा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन ने महाराष्ट्र में दो सीट जीतीं, जबकि विपक्षी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) को दो सीट पर जीत मिली। बिहार में भाजपा ने तीन सीट जीतीं, जबकि जनता दल (यूनाइटेड) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने एक-एक सीट जीती। महाराष्ट्र में नागपुर स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की एक सीट को छोड़कर सभी सीट के नतीजे घोषित कर दिए गए।

ये रहे नतीजे

राज्य	कुल सीट	जीत
यूपी	11	भाजपा-6, सपा-5
बिहार	8	भाजपा-3, जदयू-1, राजद-1, जनसुराज-1, निर्दलीय-2
कर्नाटक	4	भाजपा-3, जेडीएस-1
महाराष्ट्र	5	भाजपा-1, एनसीपी(शरद)-2, शिवसेना-1, एक सीट पर गिनती जारी

बैलेट पेपर पर चुनाव में कांग्रेस ने कितनी सीटें जीतीं : पीएम मोदी



उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और कर्नाटक की 28 विधान परिषद सीटों पर हुए एमएलसी चुनाव के नतीजे और रुझान बुधवार को भी सामने आ रहे हैं। कांग्रेस ने कई बार चुनाव में हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ा है और लगातार इसके खिलाफ अभियान चलाती रही है। हालांकि, एमएलसी के चुनाव बैलट पेपर से हुए तब भी कांग्रेस का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर ट्वीट कर के लिखा- 4 बड़े राज्यों- उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और कर्नाटक में 28 सीटों पर एमएलसी चुनाव हुए। ये चुनाव बैलेट पेपर के जरिए कराए गए। अंदाजा लगाइए कि कांग्रेस ने कितनी सीटें जीतीं?

जीत के लिए जनता का विश्वास जरूरी : साय



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि चुनावी हार पर बार-बार मतदान प्रक्रिया को कठघरे में खड़ा करने वाली कांग्रेस अब अपनी इस पराजय के लिए किसे दोष देगी? कांग्रेस को अपनी चुनावी विफलताओं का ठीकरा मतदान प्रक्रिया पर फोड़ने के बजाय आत्ममंथन करना चाहिए। कांग्रेस को समझना चाहिए कि चुनाव ईवीएम से हो या बैलेट पेपर से, जीत के लिए जनता का विश्वास जरूरी है, झूठे आरोप और राजनीतिक शोर-शराबा नहीं।



मुरुगन के इस्तीफे के बाद खाली हुई है सीट

एमपी से राज्यसभा जाएंगे मंत्री पुरी, 12 को मतदान



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मध्य प्रदेश में होने वाले राज्यसभा उपचुनाव के लिए केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने उनके नाम को मंजूरी दी है। इस उपचुनाव के जरिए मध्य प्रदेश से राज्यसभा की एक खाली सीट भरी जाएगी। हरदीप सिंह पुरी फिलहाल केंद्र सरकार में मंत्री हैं। बीजेपी की ओर से उनके नाम का ऐलान ऐसे समय हुआ है, जब मध्य प्रदेश में राज्यसभा की एक सीट पर उपचुनाव की तैयारी चल रही है। राज्यसभा की इस सीट पर उपचुनाव का नतीजा मध्य प्रदेश विधानसभा में दलों की संख्या और विधायकों के वोट के आधार पर तय होगा।

दिवाली का तोहफा

केंद्रीय कर्मचारियों को सौगात तीन फीसदी बढ़ा महंगाई भत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को दिवाली से पहले तोहफा दिया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को कर्मचारियों के महंगाई भत्ते और पेंशनभोगियों की महंगाई राहत (डीआर) में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी। मंत्रिमंडसल के इस फैसले से करीब 1.17 करोड़ केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को फायदा होगा।

1.17 करोड़ को फायदा : बयान के मुताबिक, इस फैसले से करीब 48.54 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 68.71 लाख पेंशनभोगियों को लाभ मिलेगा। इस तरह कुल लाभार्थियों की संख्या 1.17 करोड़ से अधिक है।

स्पेन में भीषण रेल हादसा

हाई स्पीड ट्रेन टकराईं, 68 की मौत, बचाव अभियान जारी

एजेंसी ▶▶ मैड्रिड



हादसे में क्षतिग्रस्त ट्रेन

स्पेन के टोलेडो प्रांत में बुधवार को दो हाई-स्पीड ट्रेनों के बीच टक्कर में कम से कम 68 लोगों की मौत की खबर है। हादसे में रेनफे एवीई और निजी कंपनी इर्यो की ट्रेन शामिल थीं। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय समयानुसार सुबह 8:54 बजे उर्दा रेलवे स्टेशन के पास हुई भीषण टक्कर के बाद आपातकालीन सेवाओं को मौके पर बुलाया गया। दुर्घटनाग्रस्त दोनों ट्रेनों में कुल 544 यात्री सवार थे। इर्यो ट्रेन में 146 यात्री और एक शिशु सवार था, जबकि रेनफे ट्रेन में 397 यात्री थे।

आजम खान के जौहर विवि की जमीन और इमारत कुर्क

हरिभूमि न्यूज:नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान के मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय की जमीन और इमारत धनशोधन रोधी कानून के तहत कुर्क कर लीं। ईडी ने आरोप लगाया कि सा व ंज नि क निर्माण कार्यों के लिए दिए गए सरकारी धन का इस्तेमाल निजी विश्व विद्यालय के निर्माण में किया गया। रामपुर जिले में स्थित इस विश्वविद्यालय की मौजूदा बाजार कीमत लगभग 1,170 करोड़ रुपए है। एजेंसी ने जेल में बंद 78 वर्षीय सपा नेता खान पर आरोप लगाया कि उन्होंने शहरी विकास मंत्री और उत्तर प्रदेश जल निगम के मंत्री के रूप में अपने प्रभाव का इस्तेमाल इन कथित अनियमितताओं को अंजाम देने के लिए किया।



रेलवे बोर्ड का फरमान

अब रात में मोबाइल चार्ज नहीं कर सकेंगे रेल यात्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

रेलवे बोर्ड ने अपने सभी जोनों से 2014 के उस आदेश का पालन करने को कहा है जिसके तहत, आग से सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कोचों में मौजूद सभी मोबाइल फोन और लैपटॉप चार्जिंग पॉइंट को रात 11 बजे से सुबह पांच बजे के बीच बंद रखने का निर्देश दिया गया है। बोर्ड ने 26 अक्टूबर की तारीख वाले अपने पत्र में कहा, हाल ही में, एसईआर (दक्षिण पूर्व रेलवे) में एक घटना सामने आई है, जिसमें ट्रेन के कर्मचारियों ने निर्धारित समय के दौरान मोबाइल चार्जिंग पॉइंट बंद नहीं किए। इसके बाद, चार्जिंग के दौरान एक यात्री का पावर बैंक फट गया और उसमें से धुआं निकलने लगा।



सभी जोन को निर्देश

बोर्ड ने सभी जोन को यह भी निर्देश दिया है कि वे संबंधित कर्मचारियों को उचित प्रशिक्षण दें, ताकि इन निर्देशों का प्रभावी ढंग से कार्यान्वयन हो सके। पत्र में कहा गया है, इसके अलावा, इन निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने औचक निरीक्षण किए जाने चाहिए।

क्यों लिया गया निर्णय : जून 2014 में, दक्षिण पश्चिम रेलवे जोन के बेंगलुरु मंडल में 'हजूर साहिब नांदेड़-केएसआर बेंगलुरु एक्सप्रेस' के एक वातानुकूलित थ्री-टियर कोच में 2013 में लगी आग की घटना के बाद,पहली बार ट्रेनों में लगे इलेक्ट्रिकल सॉकेट पॉइंट्स को बंद करने का फैसला किया।

केरलम : आतंकी साजिश थी यहूदी प्रार्थनास्थल के पास हुई आगजनी

तिरुवनंतपुरम। केरलम के कोच्चि में ऐतिहासिक यहूदी सिनागॉग (प्रार्थनास्थल) के सामने 12 अक्टूबर को हुई आगजनी को पुलिस ने बड़े आतंकी साजिश का हिस्सा बताया है। पुलिस के मुताबिक,



32 साल के आरोपी एबिन पॉल ने यह आग लगाई थी। कोच्चि पुलिस ने कहा कि 12 अक्टूबर की सुबह किया गया हमला एक टेस्ट केस था। आरोपी को पहले कोच्चि में खुद को साबित करने के लिए कहा गया था। इसी के चलते पॉल ने पेट्रोल डालकर आग लगाने के बाद अपने मोबाइल पर घटना का वीडियो भी बनाया था। इसके बाद उसे अन्य राज्यों में बड़े हमलों की जिम्मेदारी देने की योजना थी।

मच्छार को दिया सर्वोच्च सम्मान 'ऑर्डर ऑफ जायेद'

यूएई के राष्ट्रपति ने कैप्टन स्मित को लगाया गले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुबई

आसमान में मौत को मात देकर सैकड़ों बेकसूर जिंदगियां बचाने वाले फ्लाईदुबई के कैप्टन स्मित मच्छार को दुबई के प्रतिष्ठित सम्मान ऑर्डर ऑफ जायद द्वितीय, फर्स्ट क्लास से बुधवार को सम्मानित किया गया है। समारोह में जब घायल हाथ में ब्रेस पहने कैप्टन स्मित अपने क्रू के साथ पहुंचे तो हर आंख इस असली हीरो के जुनून और समर्पण को देखकर गर्व और सम्मान से भर गई। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने तो कैप्टन मच्छार को गले से लगा लिया। इस मौके पर दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम और दोनों अमीरात के शाही परिवारों के सदस्य भी मौजूद थे। इस अवसर पर फ्लाईदुबई के कैप्टन के साथ साथ क्रू मेंबर्स को सम्मानित किया।

आसमान में बचाई थी 174 यात्रियों और क्रू की जिंदगी



यह कहा दुबई किंग ने

दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद ने क्रू सदस्यों को पदक सौंपते हुए कहा कि संकट के समय उनका साहस, जिम्मेदारी का अहसास और तुरंत निर्णय लेने की क्षमता यूएई के विमानन क्षेत्र के उच्चतम मानकों को दर्शाती है।

30 सितंबर की वह घटना

30 सितंबर को दुबई से तेल अवीव जा रही उड़ान के दौरान ओमान के को-पायलट ने ज्यादा से ज्यादा जिंदगियां तबाह करने के इरादे से कॉकपिट में अचानक हमला कर दिया था। इस भयानक और खौफनाक स्थिति में भारतीय कैप्टन स्मित मच्छार ने खुद गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद अदम्य साहस और बेमिसाल सूझबूझ का परिचय दिया। दर्द से तड़पते हुए भी उन्होंने कॉकपिट का दरवाजा खोल दिया जिससे क्रू मेंबर्स और यात्रियों ने तेजी से नीचे गिरते विमान में हमलावर को-पायलट को काबू में कर लिया। इसके बाद यूएई के अटॉर्नी जनरल डॉ. हमद सैफ अल शम्सी ने 9 अक्टूबर को एक बयान में बताया था कि इस घटना के आरोपी ओमानी सह-पायलट का इरादा ज्यादा से ज्यादा लोगों को नुकसान पहुंचाना था।

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 29 अक्टूबर 2026



हरिभूमि-आईएनएच की खबर का असर, रायपुर में ताबड़तोड़ छापे, सेंपल जांच के लिए भेजे गए


हरिभूमि-आईएनएच की जांच में बड़ा खुलासा, मिठाइयों को सजाने वाले सिल्वर वर्क के पांच नमूनों में से दो निकले एल्युमिनियम के

खबर का असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मिठाइयों को चमकदार बनाने के लिए सिल्वर की जगह एल्युमिनियम परत चढ़ाने का हरिभूमि-आईएनएच के खुलासे के बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने राजधानी में ताबड़तोड़ छापेमारी की। इस दौरान गोलबाजार की चार दुकानों से जांच के लिए सैंपल भी उठाया गया है। चांदी के नाम पर एल्यूमिनियम की यह परत पाचनतंत्र के लिए नुकसानदायक हो सकती है।

मिठाइयों को सुंदर और चमकदार दिखाने ऊपर से चांदी का वरक लगाने का काम ⏭शेष पेज 5 पर

मिठाइयों को चमकदार बनाने चांदी की जगह एल्युमिनियम का वर्क



हरिभूमि की जांच में निकला एल्युमिनियम

हरिभूमि-आईएनएच की टीम ने आधा दर्जन दुकानों और कई जिलों से काजू कतली समेत कई मिठाईयों को चमकाने वाले सिल्वर लीव्स खरीदी। उन्हें जांच के लिए लैब और ज्वेलर्स के पास लेकर गए। आधे से ज्यादा सेंपल एल्युमिनियम ⏭शेष पेज 5 पर

लगातार जांच के निर्देश

त्योहारी सीजन के दौरान बिकने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की लगातार जांच की जा रही है। मिलावट का मामला सामने आने पर खाद्य पदार्थों के निर्माताओं और विक्रेताओं पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

- दीपक अग्रवाल
नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन



आंध्र प्रदेश-ओडिशा में जनजीवन बेहाल, छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में बारिश

'अर्नब' ने आंध्रप्रदेश-ओडिशा में मचाया कोहराम, 5 की मौत, छग में स्कूल बंद

चक्रवात ने आंध्र प्रदेश का तट किया पार, सड़कें क्षतिग्रस्त, बिजली के खंभे उखड़े

बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवाती तूफान 'अर्नब' गंभीर रूप ले चुका है। इस चक्रवात के असर से आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पुडुचेरी में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हो रही है। हालात ये हैं कि कई जगहों पर पेड़ उखड़ गए, जबकि कई सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं। आंध्र प्रदेश में चक्रवात के कारण पांच लोगों की मौत हो गई है। करीब 89 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है, जबकि कई ट्रेनें रद्द और स्कूल बंद किए गए हैं।





हरिभूमि न्यूज ⏭ हैदराबाद/भुवनेश्वर/रायपुर

चक्रवात 'अर्नब' बुधवार तड़के आंध्र प्रदेश के तट को पार कर गया, जिससे कई पेड़ एवं बिजली के खंभे उखड़ गए और सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं तथा अलग-अलग घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई। आंध्रप्रदेश में करीब 87 हजार लोगों को रेस्क्यू किया गया है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से आग्रह किया कि वह चक्रवात 'अर्नब' से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए एक केंद्रीय टीम भेजें और एनडीआरएफ तथा अन्य केंद्रीय एजेंसियों का सहयोग जारी रखें। इधर, 'अर्नब' के कारण हुई मूसलाधार बारिश से दक्षिणी ओडिशा में आम ⏭शेष पेज 5 पर

पश्चिम बंगाल में भारी बारिश का अनुमान

चक्रवात 'अर्नब' के प्रभाव से पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में 31 अक्टूबर तक भारी बारिश होने की संभावना है। आईएमडी के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में उठा यह चक्रवाती तूफान बुधवार तड़के आंध्र प्रदेश के तट से टकराया था। विभाग ने बताया कि मंगलवार को पश्चिम बंगाल के तटीय और दक्षिणी जिलों के कुछ हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश हुई। राज्य के तटीय और पश्चिमी जिलों में शुक्रवार ⏭शेष पेज 5 पर

रायपुर समेत कई जिलों के स्कूल-कॉलेज आज रहेंगे बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा बंगाल की खाड़ी में विकसित चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के संबंध में जारी मौसम चेतावनियों तथा संभावित बारिश, तेज हवाओं एवं अन्य प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों को देखते हुए रायपुर समेत बस्तर, सरगुजा, बिलासपुर संभाग के कई जिलों के स्कूलों में 29 अक्टूबर को भी अवकाश का ऐलान कर दिया है। शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव की घोषणा के बाद जिलों में अवकाश का ऐलान किया गया। रायपुर में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। इस आदेश के अनुसार जिले की भौगोलिक ⏭शेष पेज 5 पर

अर्नब के असर से छग में तेज हवाएं और बारिश

जगदलपुर। चक्रवाती तूफान का छग के कई इलाकों में खासा असर पड़ा है। बस्तर से लेकर रायपुर तक हवाओं के साथ पानी बरसा। बस्तर संभाग में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई है। हालांकि किसी जिले में भारी बारिश या जन-धन हानि की खबर नहीं है। तूफान के दौरान भारी बारिश की आशंका से पूरा बस्तर संभाग अलर्ट पर है, लेकिन बुधवार को चेतावनी के अनुरूप भारी बारिश किसी जिले में दर्ज नहीं की गई। हालांकि कई जिलों में दिनभर हल्की बारिश होती ⏭शेष पेज 5 पर

खबर संक्षेप

देरी से जेल पहुंचा आसाराम, नया केस

जोधपुर। नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में सजा काट रहे आसाराम की मुश्किलें बढ़ गई हैं। चिकित्सा आधार पर मिली पैरोल की अवधि समाप्त होने के बाद निर्धारित समय से करीब 17 घंटे की देरी से जोधपुर केंद्रीय कारागार पहुंचने पर उसके खिलाफ नया मामला दर्ज किया गया है। रतानाडा थाने की पुलिस ने मंगलवार रात जेल अधिनियम के तहत आसाराम के खिलाफ मामला दर्ज किया। देर रात पहुंचने के कारण जेल प्रशासन ने उसे प्रवेश देने से इंकार कर दिया। आसाराम बुधवार सुबह करीब 10 बजे जोधपुर केंद्रीय कारागार में आत्मसमर्पण करने पहुंचा।

कार की टक्कर से बाइक सवार तीन की मौत

रायसेन। मप्र के रायसेन जिले में मंगलवार देर रात एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोगों की मौत हो गई। नरेश राय (50) और उनकी मां ताराबाई राय (70) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि मोटरसाइकिल पर सवार तीसरे व्यक्ति कमलेश चौहान (35) ने भोपाल अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। यह घटना जिला मुख्यालय से 55 किमी दूर बाड़ी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 15 पर मंगलवार देर रात हुई। ये तीनों सलकनपुर देवी मंदिर में दर्शन करके मोटरसाइकिल से अपने घर नकतरा लौट रहे थे।

जनरेटर से निकले धुएं के कारण दो की मौत

क्योंझर। ओडिशा के क्योंझर जिले में लक्ष्मी पूजा समारोह के दौरान एक बंद कमरे में चल रहे जनरेटर से निकले धुएं के कारण दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से बीमार हो गए। यह घटना मंगलवार रात बांसपाल प्रखंड के नयाकोट थाना क्षेत्र स्थित सुडूंगा गांव में हुई। पुलिस के अनुसार, पांच युवक एक बंद कमरे में सो रहे थे, जहां जनरेटर चालू हालत में छोड़ दिया गया था। बुधवार सुबह जब किसी ने घर का दरवाजा नहीं खोला, तो ग्रामीणों को संदेह हुआ और वे परिसर में दाखिल हुए। सभी पांचों युवक बेहोश थे। अस्पताल ले जाते समय उनमें से दो लोगों की रास्ते में ही मौत हो गई।

बाजार से लौट रहे सराफा व्यापारी से मारपीट कर 15 किलो चांदी लूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा


कारोबारी

तरेगांव जंगल थाना क्षेत्र के ग्राम दुर्जनपुर के पास सोना-चांदी के व्यवसायी और उसके साथी के साथ लूट की घटना सामने आई है। 27 अक्टूबर को ग्राम दलदली के साप्ताहिक बाजार से सोना-चांदी की खरीदी-बिक्री कर मोटरसाइकिल से लौट रहे एक व्यवसायी का रास्ता रोककर अज्ञात मोटरसाइकिल सवारों ने मारपीट की और बैग में रखे सोने-चांदी के आभूषण व नकदी लूटकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही कबीरधाम पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित कर तलाश शुरू की जा रही है। पुलिस के अनुसार, पांडातराई निवासी वेदप्रकाश सोनी अपने साथी नरेंद्र पाटस्कर के साथ मोटरसाइकिल से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम दुर्जनपुर के पास अज्ञात लोगों ने उन्हें रोक लिया और मारपीट कर उनके पास रखा बैग लूट लिया। प्रार्थी वेदप्रकाश सोनी के मुताबिक, बैग में 15 किलोग्राम से अधिक चांदी के आभूषण, 10 से 15 ग्राम सोने के आभूषण ⏭शेष पेज 5 पर

- सोने के आभूषण और 1.50 लाख रुपए नकद भी लूटे

एसपी के निर्देश पर गठित हुई विशेष टीम

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उनके निर्देश पर मंगलवार शाम से ही पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अखिलेश कौशिक के नेतृत्व में साइबर थाना और तीन अन्य थानों की पुलिस टीम आरोपियों की पतासाजी में जुट गई है। पुलिस घटनास्थल से जुड़े तथ्यों, परिस्थितियों और अन्य संभावित सुरागों के आधार पर जांच कर रही है।

सीएम साय से भारतीय वायु सेना की टीम ने की मुलाकात


2 नवंबर को सेंध लेक के आसमान पर दिखाएंगे करतब

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के अवसर पर 2 नवंबर को नवा रायपुर स्थित सेंध लेक क्षेत्र में भारतीय वायु सेना की प्रतिष्ठित सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम रोमांचक हवाई करतब दिखाएगी। एयर शो की तैयारियों के बीच टीम के सदस्यों ने कल राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य मुलाकात की।

3 को राज्योत्सव के समापन में शामिल होंगे अमित शाह, विभूतियों को करेंगे अलंकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



खास खबर

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित राज्योत्सव में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 3 नवंबर को शामिल होंगे। वे समापन समारोह में राज्य अलंकरण पुरस्कारों का वितरण करेंगे। राज्योत्सव 1 से 3 नवंबर तक आयोजित होगा। आयोजन को लेकर प्रदेश में ⏭शेष पेज 5 पर

2 को एयर शो

राज्योत्सव के दूसरे दिन 2 नवंबर को सारंग हेलिकॉप्टर एयर शो का आयोजन किया जाएगा। श्री साय ने कहा कि आज सारंग हेलिकॉप्टर टीम के सभी कैप्टन से मुख्यमंत्री निवास में मुलाकात हुई। मैं पूरे प्रदेश के लोगों से आग्रह करना चाहूंगा कि दो तारीख को सेंध लैक, नवा रायपुर में यह भव्य एयर शो देखने जरूर पहुंचे।

जियो प्लेटफॉर्म्स बनी दूसरी सबसे मूल्यवान भारतीय कंपनी

जियो की धमाकेदार एंट्री, भावुक हुए मुकेश अंबानी

एजेंसी ⏭ मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज समर्थित डिजिटल सेवा कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स के शेयर ने बुधवार को शेयर बाजार में शानदार शुरुआत की। कंपनी का शेयर 1,119 रुपये के निर्गम मूल्य से करीब 27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1418.20 रुपए पर बंद हुआ। इसके साथ ही वह बाजार पूंजीकरण के लिहाज से देश की दूसरी सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई। लिस्टिंग के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी भावुक हो गए। समारोह में उनके बेटे अनंत अंबानी और बेटी ईशा अंबानी ने कंपनी के सफर, परिवार के सपनों और जियो की कामयाबी पर बात की। दोनों की बातें सुनते ⏭शेष पेज 5 पर



जियो ने कमाए 15.5 अरब डॉलर

ईशा अंबानी ने जियो की वित्तीय कामयाबी का जिक्र करते हुए कहा कि इस साल कंपनी ने करीब 15.5 अरब डॉलर का रेवेन्यू और लगभग 8 अरब डॉलर की वास्तविक कमाई की। उन्होंने कहा कि दुनिया में बहुत कम कंपनियां महज 10 साल में इस स्तर तक पहुंच पाती हैं। ईशा ने अपने भाई और रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी की मेहनत की भी तारीफ की।

अनंत अंबानी बोले- जियो अब भारत की कंपनी

रिलायंस इंडस्ट्रीज के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत अंबानी ने अपने भाषण की शुरुआत आभार जताते हुए की। उन्होंने जियो पर भरोसा करने वाले लाखों लोगों को इस उपलब्धि का श्रेय दिया। अनंत ने कहा कि शेयर बाजार में बजने वाली घंटी उनके लिए मंदिर की घंटी जैसी होगी, क्योंकि उनके लिए कारोबार पूजा की तरह है। उन्होंने कहा कि पूजा के बाद प्रसाद सबके साथ बांटा जाता है।

भारतीय एयरटेल को पीछे छोड़ा

शेयरों की शानदार शुरुआत के बाद जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड बाजार पूंजीकरण के लिहाज से सबसे मूल्यवान दूरसंचार कंपनी भी बन गई। उसने भारती एयरटेल को पीछे छोड़ दिया, जिसका बाजार पूंजीकरण 12.16 लाख करोड़ रुपए था। जियो प्लेटफॉर्म्स के 30,213 करोड़ रुपए के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम को पेशकश के मुकाबले 22.19 गुना बोलियां मिली थीं।

चिंतन

कांग्रेस के लिए अब आत्ममंथन का समय

लोकतंत्र में चुनाव जीतने के लिए केवल सत्ता पक्ष की कमियां गिनाना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि जनता के सामने भरोसेमंद विकल्प पेश करना भी जरूरी है। दुर्भाग्य से कांग्रेस की राजनीति में इन दिनों चुनावी पारदर्शिता और वोट चोरी के आरोप प्रमुखता से छाए हुए हैं। राहुल गांधी विशेष रूप से निर्वाचन प्रक्रिया और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर लगातार सवाल उठा रहे हैं। चुनाव सुधारों पर सवाल उठाना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन इन सवालों के बीच जनता की वास्तविक समस्याएं और अपनी राजनीतिक कमजोरियां नजरअंदाज नहीं होनी चाहिए। चार राज्यों की 28 विधान परिषद सीटों के चुनाव में कांग्रेस का खाता तक नहीं खुलना पार्टी के लिए आत्ममंथन का गंभीर अवसर है। खास बात यह है कि ये चुनाव ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर से हुए थे। ऐसे में कांग्रेस के चुनावी प्रदर्शन पर सवाल उठना स्वाभाविक है। कांग्रेस लंबे समय से ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाती रही है और लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव बैलेट पेपर से कराने की मांग करती रही है। ऐसे में बैलेट पेपर से हुए एमएलसी चुनावों में पार्टी की निराशाजनक स्थिति उसके राजनीतिक तर्कों की परीक्षा भी है। जिन चार सीटों पर कांग्रेस का कब्जा था, वहां भी पार्टी अपनी बढ़त कायम नहीं रख सकी। खासकर कर्नाटक में सरकार होते हुए भी चारों सीटों पर हार का सामना करना पड़ा। इन नतीजों से यह निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा कि चुनाव प्रक्रिया को लेकर उठाए गए सभी सवाल निराधार हैं, लेकिन इतना जरूर है कि चुनावी हार का ठीकरा केवल व्यवस्था पर फोड़कर राजनीतिक जिम्मेदारी से बचा नहीं जा सकता। यदि बैलेट पेपर से चुनाव होने के बावजूद जनता का समर्थन नहीं मिल रहा, तो पार्टी को अपने संगठन, नेतृत्व, रणनीति, आत्ममंथन और जनसंपर्क की समीक्षा करनी चाहिए। एसआईआर को लेकर कांग्रेस के विरोध का भी निष्पक्ष आकलन जरूरी है। मतदाता सूची में गलत नामों को हटाना, मृत मतदाताओं और स्थान बदल चुके लोगों के रिकॉर्ड दुरुस्त करना तथा पात्र नागरिकों का नाम सूची में सुनिश्चित करना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है। लेकिन इस प्रक्रिया में किसी वास्तविक मतदाता का नाम अनुचित तरीके से कटता है, तो उसका विरोध भी उतना ही आवश्यक है। इसलिए बहस का केंद्र यह होना चाहिए कि मतदाता सूची कितनी शुद्ध हुई और कहीं पात्र मतदाताओं के अधिकार तो प्रभावित नहीं हुए। केवल नाम कटने की कुल संख्या के आधार पर न तो पूरी प्रक्रिया को गलत ठहराया जा सकता है और न ही उसे पूरी तरह निर्दोष घोषित किया जा सकता है। कांग्रेस को आरोपों के साथ ठोस प्रमाण और सुधार के व्यावहारिक सुझाव भी सामने रखने चाहिए। बता दें कि एसआईआर के तहत 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की प्रारूप मतदाता सूचियों से करीब 13.37 करोड़ नाम हटाए गए, जो पूर्व मतदाता सूचियों के कुल मतदाताओं का लगभग 14.1 प्रतिशत है। कांग्रेस देश का प्रमुख विपक्षी दल है। लोकतंत्र में उसकी मजबूती केवल उसके अपने राजनीतिक भविष्य के लिए नहीं, बल्कि स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रतिस्पर्धा के लिए जरूरी है। इसके लिए उसे चुनावी हार के कारणों का ईमानदारी से विश्लेषण करना होगा। संगठन को मजबूत करने, स्थानीय नेतृत्व को अवसर देने, जनता के बीच निरंतर मौजूद रहने और ठोस नीतिगत विकल्प पेश करने पर ध्यान देना होगा। कांग्रेस को यह समझना होगा कि चुनावी सफलता का रास्ता केवल विरोध से नहीं, बल्कि विकल्प बनने से निकलता है।



प्रदूषण

रोहित कौशिक

जहरीली हवा की गिरफ्त में जिंदगी

दिल्ली और एनसीआर की वायु गुणवत्ता एक बार फिर खराब श्रेणी में पहुंच गई है। हर साल अक्टूबर-नवम्बर में दिल्ली-एनसीआर तथा देश के कई भागों में प्रदूषण के कारण हवा की गुणवत्ता काफी खराब हो जाती है। इस साल भी यही हाल है और विशेषज्ञों ने अगले कुछ दिनों में हवा में विषाक्तता बढ़ने का अनुमान लगाया है। इस प्रदूषण के लिए किसानों द्वारा पराली जलाने को एक बड़ा कारण माना जाता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि पराली जलाना इस समस्या का एक कारण है। कुछ लोग और बुद्धिजीवी किसानों द्वारा पराली जलाने की प्रक्रिया को ऐसे प्रचारित करते हैं जैसे इस प्रदूषण का केवल यही एक कारण है। केवल पराली जलाने की प्रक्रिया को ही इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार नहीं माना जा सकता। इसके साथ ऐसे अनेक कारण है जो इन दिनों प्रदूषण बढ़ाकर हवा की गुणवत्ता खराब करते हैं। सवाल यह भी है सरकार अभी तक पराली निस्तारण का कोई ठोस विकल्प क्यों प्रस्तुत नहीं कर पाई है ?

दिल्ली और एनसीआर की वायु गुणवत्ता एक बार फिर खराब श्रेणी में पहुंच गई है। हर साल अक्टूबर-नवम्बर में दिल्ली-एनसीआर तथा देश के कई भागों में प्रदूषण के कारण हवा की गुणवत्ता काफी खराब हो जाती है। इस साल भी यही हाल है और विशेषज्ञों ने अगले कुछ दिनों में हवा में विषाक्तता बढ़ने का अनुमान लगाया है। इस प्रदूषण के लिए किसानों द्वारा पराली जलाने को एक बड़ा कारण माना जाता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि पराली जलाना इस समस्या का एक कारण है। कुछ लोग और बुद्धिजीवी किसानों द्वारा पराली जलाने की प्रक्रिया को ऐसे प्रचारित करते हैं जैसे इस प्रदूषण का केवल यही एक कारण है। केवल पराली जलाने की प्रक्रिया को ही इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार नहीं माना जा सकता।

हर साल देश की राजधानी दिल्ली और आस-पास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण कम करने के लिए कई उपाय किए जाते हैं लेकिन ये उपाय पूरी तरह कारगत साबित नहीं हो पा रहे हैं। ऊर्जा एवं स्वच्छ वायु अनुसंधान केन्द्र (सीआरईए) द्वारा हाल ही में जारी एक रिपोर्ट में बताया गया है कि दिल्ली वर्ष 2022 में चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्ययोजना (ग्रैप) में संशोधन के बाद पिछले चार साल में सर्दी के दौरान वायु गुणवत्ता में सतत सुधार नहीं हुआ है। दरअसल वायु प्रदूषण बढ़ने से सांस के रोगियों की समस्या बढ़ जाती है और स्वस्थ व्यक्ति को भी सांस सम्बन्धी बीमारियां होने की संभावना बढ़ जाती है। वायु प्रदूषण बढ़ने पर सरकारें जरूर सक्रिय होती हैं, लेकिन जैसे ही प्रदूषण कम होता है, सरकारें पुनः सो जाती हैं। जबकि वायु प्रदूषण कम करने वाले उपायों पर पूरे साल सक्रियता के साथ काम होते रहना चाहिए। हमें यह समझना होगा कि कोई भी तकनीक प्रदूषण को कम करने में सहायता तो कर सकती है, लेकिन इसे पूरी तरह से खत्म नहीं कर सकती। कई बार मौसम में परिवर्तन भी इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार होता है। रही-सही कसर हमारी नासमझी और मानवीय गतिविधियां पूरी कर देती हैं। यही कारण है कि हर साल अक्टूबर-नवम्बर में होने वाले इस प्रदूषण कम करने के लिए नीतियां तो बनती हैं लेकिन उनका सही ढंग से क्रियान्वयन न होने के कारण नतीजा ढाक के तीन पात रहता है। सरकारी नीतियों के सही ढंग से क्रियान्वयन के साथ जब तक जनता पूर्ण रूप से जागरूक नहीं होगी, वायु प्रदूषण को पूरी तरह से कम नहीं किया जा सकता।

इस समय तापमान में गिरावट, हवा की धीमी गति और वातावरण में नमी बढ़ने से प्रदूषक लंबे समय तक जमीन के करीब रहते हैं। इससे हवा में धूल, धुआं और हानिकारण गैसों की मात्रा बढ़ जाती है। दरअसल धूल, धुएं और कुहासे से बना स्मॉग हमारे लिए कई समस्याएं पैदा करता है। जब ईंधन जलता है, वायुमंडलीय प्रदूषण या गैसें हवा में मौजूद सूरज की रोशनी और वातावरण में



इसकी गर्मी के साथ प्रतिक्रिया करती हैं, जिससे स्मॉग बनता है। इस मौसम में हर साल इस स्मॉग के कारण प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है। निमार्ण कार्य भी इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार होते हैं। इसके साथ ही वाहनों का प्रदूषण भी इस स्मॉग को बढ़ाता है। गौरतलब है कि काफी वायु प्रदूषण वाहनों के माध्यम से होता है। वाहनों से निकलने वाले धुएं में कार्बन मोनोऑक्साइड ,नाइट्रोजन के ऑक्साइड, हाडड्रोकार्बन तथा सस्पेन्डेड परटिकुलेट मैटर जैसे खतरनाक तत्व एवं गैसे होती हैं जो स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक हैं। कार्बन मोनोऑक्साइड जब सांस के माध्यम से शरीर के अन्दर पहुंचता है तो वहां हीमोग्लोबिन के साथ मिलकर कार्बोक्सीहीमोग्लोबिन नामक तत्व बनाता है। इस तत्व के कारण शरीर में आक्सीजन का परिवहन सुचारू रूप से नहीं हो पाता है।

नाइट्रोजन मोनोऑक्साइड एवं नाइट्रोजन डाइऑक्साइड भी कम खतरनाक नहीं हैं। नाइट्रोजन मानोऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड की तरह ही हीमोग्लोबिन के साथ मिलकर शरीर में आक्सीजन की मात्रा घटाता है। इसी तरह नाइट्रोजन डाइऑक्साइड फेफड़ों के लिए बहुत ही खतरनाक है। इसकी अधिकता से दमा और ब्रोकाइटिस जैसे रोग होने की संभावना बढ़ जाती है। वातावरण में हाइड्रोकार्बन की अधिकता कैंसर जैसे रोगों के लिए जिम्मेदार है। वाहनों से निकलने वाला इथाईलीन जैसा हाडड्रोकार्बन थोड़ी मात्रा में भी पौधों के लिए हानिकारक है। सस्पेन्डेड परटिकुलेट मैटर बहुत छोटे-छोटे कणों के रूप में विभिन्न स्वास्थ्यगत समस्याएं पैदा करते हैं। ऐसे तत्व हमारे फेफड़ों को नुकसान पहुंचाकर सांस संबंधी रोग उत्पन्न करते हैं। वास्तविकता यह है कि आज पर्यावरण के अनुकूल तकनीक के बारे में सोचने की फुर्सत किसी को नहीं है। पुराने जमाने में पर्यावरण के हर अवयव को भगवान का दर्जा दिया जाता था। इसीलिए हम पर्यावरण के हर अवयव की इज्जत करना जानते थे। नए जमाने में पर्यावरण के अवयव वस्तु के तौर पर देखे जाने लगे और हम इन्हें मात्र भोग की वस्तु मानने लगे। उदारीकरण की आंधी ने तो हमारे समस्त ताने-बाने को ही नष्ट कर दिया। इस प्रक्रिया ने पर्यावरण के अनुकूल समझ विकसित करने में बाधा पहुंचाई। यह समझ विकसित करने के लिए एक बार फिर हमें नए सिरे से सोचना होगा। हमें यह मानना होगा कि प्रदूषण की यह समस्या किसी एक शहर ,राज्य या देश के सुधरने से हल होने वाली नहीं है। पर्यावरण की कोई ऐसी परिधि नहीं होती है कि एक जगह प्राकृतिक संसाधनों का दोहन या प्रदूषण होने से उसका प्रभाव दूसरी जगह न पड़े। इसीलिए इस समय सम्पूर्ण विश्व में पर्यावरण के प्रति चिन्ता देखी जा रही है। सवाल यह है कि क्या खोखले आदर्शवाद से वायु प्रदूषण का मुद्दा हल हो सकता है ?

दरअसल जब हम प्रकृति का सम्मान नहीं करते हैं तो वह प्रत्यक्ष रूप से तो हमें हानि पहुंचाती ही है, परोक्ष रूप से भी हमारे सामने कई समस्याएं खड़ी करती है। दरअसल हर साल अक्टूबर-नवम्बर होने वाले इस वायु प्रदूषण के लिए सरकारी नीतियां अपनी जगह जिम्मेदार हैं लेकिन इस सम्बन्ध में जब तक जनता जागरूक नहीं होगी, तब तक कोई सार्थक और ठोस हल नहीं निकल पाएगा। अब समय आ गया है कि हम इस वायु प्रदूषण को रोकने के लिए गम्भीरता के साथ काम करें।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

आस्था

महेन्द्र तिवारी



दांपत्य जीवन की मधुर परंपरा है करवा चौथ पर्व

भारतीय संस्कृति में त्योहारों और व्रतों का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। यह केवल कर्मकांड नहीं हैं बल्कि मानवीय भावनाओं, रिश्तों और प्रकृति के साथ गहरे जुड़ाव के प्रतीक हैं। इन्हीं में से एक अत्यंत पावन और महत्वपूर्ण पर्व करवा चौथ है, जिसे विशेष रूप से उत्तर भारत में पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह पर्व कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को पड़ता है। दांपत्य जीवन में प्रेम, त्याग, समर्पण और अटूट विश्वास का प्रतीक यह व्रत मुख्य रूप से सुहागिन महिलाओं द्वारा अपने पति की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के लिए रखा जाता है। यह व्रत सूर्योदय से पूर्व प्रारंभ होता है और रात्रि में चंद्रमा के दर्शन के पश्चात ही पूर्ण माना जाता है। यह कठोर निर्जला व्रत स्त्री की मानसिक और शारीरिक दृढ़ता के साथ ही उसके असीम प्रेम को भी दर्शाता है। इस व्रत की शुरुआत अत्यंत पवित्रता के साथ भोर के समय होती है। सूर्योदय से पूर्व तारे निकलते समय महिलाएं उठकर स्नान आदि से निवृत्त होती हैं। इस समय सास अपनी बहू को सरगी देती है। सरगी एक प्रकार का आशीर्वाद और प्रेम का प्रतीक है जिसमें फल, मिठाइयां, सूखे मेवे और सुहाग की सामग्री शामिल होती है। सरगी ग्रहण करने के पश्चात निर्जला व्रत आरंभ हो जाता है। दिनभर महिलाएं घर के कार्यों में व्यस्त रहती हैं लेकिन उनके मन में निरंतर अपने पति के कल्याण और ईश्वर की भक्ति का भाव रहता है। यह समय आत्म संयम का होता है। शारीरिक भूख और प्यास पर विजय प्राप्त कर मन को एकाग्र करना इस व्रत का मुख्य उद्देश्य है। यह केवल एक शारीरिक तप नहीं है बल्कि मानसिक शुद्धता का भी एक बहुत बड़ा माध्यम है। भारत की विविधता इसके त्योहारों में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। यद्यपि करवा चौथ मुख्य रूप से उत्तर भारतीय राज्यों जैसे पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश का पर्व है परंतु अब इसका विस्तार संपूर्ण भारत में हो चुका है। प्रत्येक क्षेत्र में इस व्रत को मनाने के कुछ अपने स्थानीय रीति रिवाज हैं। पंजाब में भोर के समय सरगी का अत्यधिक महत्व है और वहां की महिलाएं पूरे दिन लोकगीतों के माध्यम से इस उत्सव को मनाती हैं। राजस्थान में सुहागिनें अपनी पारंपरिक वेशभूषा पहनकर मिट्टी के करवे को सजाती हैं और समूह में बैठकर कथा वाचन करती हैं। स्थानों और परंपराओं की इस भिन्नता के बीच जो एक बात समान रहती है वह है पति पत्नी के बीच का निस्वार्थ प्रेम और पारिवारिक कल्याण की असीम कामना। यह क्षेत्रीय विविधता इस पर्व की सुंदरता को और भी अधिक बढ़ा देती है जिससे यह संपूर्ण राष्ट्र के लिए एक सांस्कृतिक सूत्र बन जाता है। जैसे जैसे रात्रि होती है चंद्रमा की प्रतीक्षा बढ़ने लगती है। हर किसी की दृष्टि आकाश की ओर टिकी होती है। चंद्रमा के उदय होने का क्षण इस व्रत का सबसे भावुक और अलौकिक पल होता है।

चंद्रमा को शीतलता, शांति और दीर्घायु का प्रतीक माना जाता है। इस पर्व में छलनी से चंद्रमा को देखने के पीछे भी एक अत्यंत गहरा दार्शनिक और आध्यात्मिक अर्थ छिपा हुआ है। ऐसा माना जाता है कि छलनी के माध्यम से चंद्रमा की किरणें छनकर आती हैं जिससे उनकी शीतलता और पवित्रता और अधिक बढ़ जाती है। छलनी का उपयोग इस बात का भी प्रतीक है कि दांपत्य जीवन में जो भी दोष या बुराइयां हों वे सब छनकर बाहर निकल जाएं और केवल प्रेम, विश्वास और शुद्धता ही शेष रहे। इसके पश्चात पति अपनी पत्नी को अपने हाथों से जल पिलाकर और कोई मिठाई खिलाकर उसका व्रत पूर्ण करवाते हैं। यह पर्व कृषि और प्रकृति से भी बहुत गहराई से जुड़ा हुआ है। कार्तिक मास में गेहूं की बुवाई का समय होता है। पूजा में उपयोग होने वाले मिट्टी के करवे में गेहूं के दाने रखे जाते हैं जो अच्छी फसल और घर में समृद्धि की कामना का प्रतीक हैं। प्रकृति के पंचतत्वों में से एक जल का संरक्षण और उसका सम्मान भी इस व्रत में देखा जा सकता है। मिट्टी का पात्र, जल, चंद्रमा और अन्न, ये सभी प्राकृतिक तत्व इस पर्व को प्रकृति के अत्यंत समीप ले जाते हैं। वर्तमान समय में इस व्रत का स्वरूप थोड़ा विस्तृत हुआ है। यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान न रहकर दो लोगों के बीच के गहरे भावनात्मक रिश्ते का उत्सव बन गया है। यह पर्व यह संदेश देता है कि वैवाहिक जीवन केवल कर्तव्यों का निर्वाह नहीं है, बल्कि यह एक दूसरे की भलाई के लिए किए गए निरंतर प्रयासों, सम्मान और निस्वार्थ प्रेम की एक यात्रा है। करवा चौथ का यह पावन पर्व सदियों से भारतीय समाज में पारिवारिक मूल्यों और दांपत्य जीवन की पवित्रता को सींचता आ रहा है और भविष्य में भी यह अपनी इसी गरिमा के साथ हमारी सांस्कृतिक धरोहर का एक अभिन्न अंग बना रहेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

गुणों के विकास से आध्यात्मिक स्वास्थ्य संभव



संकलित

दर्शन

हमारे पास एक शरीर है, हमें उसका पोषण करना है और जब वह रोगग्रस्त हो जाता है, तब हमें उसकी देखभाल करनी है। हमें उसके आरोग्य का उपाय ढूंढ़ना है और जीवन के भौतिक पक्ष से जुड़े सभी विषयों पर ध्यान देना है, परंतु बात यह है कि प्रायः मानव जाति केवल यहीं पर रुक जाती है। उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि हमारे अस्तित्व का एक मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और उच्चतर आध्यात्मिक आयाम भी है। इसलिए सफलता का उनका (परमहंसजी का) मार्ग था उचित संतुलन को प्राप्त करना। वहां, जहां आप भौतिक सफलता और समृद्धि प्राप्त करते हैं। जहां आपके पास भावनात्मक संतुलन और आंतरिक शांति होती है। आध्यात्मिक रूप से आपके पास एक उच्चतर उद्देश्य के लिए अपने जीवन को संचालित करने का ज्ञान होता है, न केवल धन एकत्र करना और परिवार व संतानों की उपलब्धि, अपितु यह अनुभव करने का एक उच्चतर उद्देश्य कि मैं ईश्वर का एक स्फुलिंग हूं, मैं इस भौतिक शरीर में निवास करने वाला आत्मा हूं और अपने जीवन के सभी पक्षों में ईश्वर के पूर्ण साक्षात्कार और अभिव्यक्ति की प्राप्ति ही मेरा अंतिम उद्देश्य है। एक बार जब आप यह धारणा बना लेते हैं, तो जीवन अत्यंत रोमांचक हो जाता है, क्योंकि सब प्रकार के कौशल, क्षमताएं और योग्यताएं आपके लिए उपलब्ध हैं। ये प्रत्येक मनुष्य की अक्षय निधि का अंग हैं, परंतु वे तब तक पूर्ण रूप से निष्क्रिय रहती हैं, जब तक उन्हें सचेतन एकाग्रता और सचेतन प्रयास के द्वारा जाग्रत नहीं किया जाता है।

बहरूपियों से हमेशा सतर्क व सावधान रहें



संकलित

प्रेरणा

एक कबूतर और एक कबूतरी एक पेड़ की डाल पर बैठे थे। उन्हें बहुत दूर से एक आदमी आता दिखाई दिया। कबूतरी के मन में कुछ शंका हुई और उसने कबूतर से कहा कि चलो जल्दी उड़ चले नहीं तो ये आदमी हमें मार डालेगा। कबूतरने लंबी सांस लेते हुए आराम के साथ कबूतरी से कहाः भला उसे ध्यान से देखो तो सही, उसके कपड़े देखो, चेहरे से भोलापन टपक रहा है, ये हमें क्या मारेगा, बिलकुल सज्जन पुरुष लग रहा है। कबूतर की बात सुनकर कबूतरी चुप हो गई। जब वह आदमी उनके पास आया तो अचानक उसने अपने वस्त्र के अंदर से तीर कमान निकाला और झट से कबूतर को मार दिया। और बेचारे उस कबूतरके वहीं प्राण पखेरू उड़ गए। असहाय कबूतरी ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और बिलखने लगी। उसके बाद वह कबूतरी रोती हुई अपनी फरियाद लेकर राजा के पास गई और राजा को उसने पूरी घटना बताई। तुरंत शिकारी को पकड़ कर दरबार में लाया गया। शिकारी ने डर के कारण अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसके बाद राजा ने कबूतरी को ही उस शिकारी को सजा देने का अधिकार दे दिया। कबूतरी ने बहुत दुःखी मन से कहा किः मेरे विचार से इस क्रूर शिकारी को बस इतनी ही सजा दी जानी चाहिए कि अगर वो शिकारी है तो उसे हर समय शिकारी वाले कपड़े पहनना चाहिए। ये अच्छे व्यक्ति वाले कपड़े उतार दे क्योंकि अच्छे व्यक्ति वेल कपड़े पहन कर धोखे से घिनौने कर्म करने वाले सबसे बड़े नीच होते हैं।

अंतर्मन



आज की पाती

गलत खान-पान का शिकार होता दिल

स्वास्थ्य ही सच्चा धन होता है, लेकिन अफसोस आज हमने आधुनिकता और भौतिकतावाद की अंधी दौड़ में इस सच्चे धन की परवाह करना ही छोड़ दिया है, इस कारण आज दुनिया में जानलेवा बीमारियों का दायरा बढ़ता जा रहा है, विशेषज्ञ बताते हैं कि दुनियाभर में बहुत से लोगों की मौत हार्ट अटैक से होती है। आज दुनियाभर में दिल की बीमारी के मरीजों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है और इसका शिकार अब उम्रदराज लोग ही नहीं, बल्कि युवा और बच्चे भी हो रहे हैं। अगर दिल की बीमारियों से बचना है तो इसके लिए सबसे पहले अपने खान-पान और जीवनशैली पर ध्यान देना होगा, चिंता और तनाव से बचना होगा, प्रकृति के साथ जुड़ना होगा और साफ सफाई का भी ख्याल रखना होगा।

- दिलीप साहू, गरियाबंद

ट्रेंड

भारत-लिकटेंस्टीन संबंध



लिकटेंस्टीन के हेरेडिटरी प्रिंस एलोइस के साथ एक बेहतरीन मुलाकात हुई। हमारी बातचीत काफी व्यापक रही और इसमें कई क्षेत्रों में भारत-लिकटेंस्टीन संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

-**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

कैप्टन मच्छार को बधाई



कैप्टन स्मित मच्छार को यूएई के प्रतिष्ठित सम्मान 'फर्स्ट क्लास ऑर्डर ऑफ ज़ायद II' से नवाजे जाने पर हार्दिक बधाई। उन्होंने असाधारण साहस दिखाते हुए 170 से अधिक यात्रियों की सुरक्षा की और एक संभावित विमान हादसे को टाल दिया।

-**डॉ. मोहन यादव,** सीएम, मध्यप्रदेश

पंजाब में गठबंधन



जिस व्यक्ति ने पंजाब में 736 करोड़ रुपये की इग्स बेची और वह पैसा अपने बैंक खातों में जमा किया, अमित शाह अब उसी के साथ गठबंधन करके पंजाब को फिर से इग्स में डुबोने की तैयारी कर रहे हैं। पंजाब के लोग ऐसा बिल्कुल नहीं होने देंगे।

-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

आरोप-प्रत्यारोप का स्तर



भारतीय राजनीति में आपसी अविश्वास, दुश्मनी, कड़वाहट, और एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का स्तर इतना गिर गया है कि अब यह व्यक्तिगत स्तर पर भी पूरी तरह बेलगाम हो गया है। यह व्यवहार अब असंसदीय, अभद्र, अपमानजनक और संकीर्ण सोच वाला हो गया है।

- **मायावती,** पूर्व सीएम, यूपी

करंट अफेयर

बुद्ध की शिक्षाएं अमेरिकी और भारत के समाज को जोड़ती है



अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने कहा कि भगवान बुद्ध की सदियों पुरानी शिक्षाएं भारत और अमेरिका के समाजों को जोड़ती हैं और दोनों देशों के बीच सहयोग एवं साझेदारी का बुनियादी आधार हैं।

न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित 'भारत का शाश्वत संदेश : प्राचीन काल से समकालीन समय तक बौद्ध धर्म' विषयक सम्मेलन में मंगलवार को विशेष संबोधन देते हुए क्वात्रा ने कहा कि बुद्ध की शिक्षाएं करीब 2,500 साल पुरानी होने के बावजूद आज भी प्रासंगिक हैं और दोनों देशों के समाजों को जोड़ती हैं। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक परंपराएं और बुद्ध की शिक्षाओं को बौद्धिक रूप से आत्मसात करना दोनों देशों के मजबूत संबंधों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने अमेरिका को बौद्ध विचारों के अकादमिक अध्ययन और उनकी गहरी समझ का प्रमुख केंद्र बताया। क्वात्रा ने कहा कि बुद्ध की शिक्षाओं को समझने का प्रयास करना ही किसी व्यक्ति के लिए प्रेरणादायक यात्रा है। उन्होंने कहा कि इन शिक्षाओं का मूल स्वरूप नहीं बदला है, बल्कि समय के साथ उनकी व्याख्याएं बदली हैं। उन्होंने बताया कि भारत अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के रूप में नालंदा को पुनर्जीवित करने के लिए प्रयास कर रहा है।

ऑफ बीट

ह्यूमन कंपोस्टिंग अर्थात मृत शरीर से खाद बनाना



अब न्यू साउथ वेल्स मानव शरीर के अंतिम संस्कार के एक अन्य तरीके को कानूनी अनुमति देने वाला ऑस्ट्रेलिया का पहला राज्य बन गया है। इसे 'ह्यूमन कंपोस्टिंग'' कहा जाता है। तकनीकी रूप से इसे 'नेचुरल ऑर्गेनिक रिडक्शन' और कानूनी तौर पर 'टेरामेशन' नाम दिया गया है। इस प्रक्रिया में सूक्ष्मजीवों की मदद से मानव अवशेषों को खाद जैसे पदार्थ में बदला जाता है। मानव शरीर को खाद में बदलने का विचार असामान्य या असहज लग सकता है। लेकिन यह प्रक्रिया वास्तव में कैसे काम करती है? क्या यह मौजूदा तरीकों से बेहतर विकल्प है? इन सवालों के जवाब के लिए पहले यह समझना जरूरी है कि अपघटन कैसे होता है और प्रकृति में इसकी क्या भूमिका है। इतिहास में मनुष्यों ने मृतकों के शरीर को सुरक्षित रखने, संरक्षित करने और उन्हें वस्त्र पहनाने के लिए अलग-अलग परंपराएं विकसित की हैं। कुछ लोग चाहते हैं कि शरीर जल्दी मिट्टी में मिल जाए, जबकि दूसरे उसे लंबे समय तक सुरक्षित रखने को प्राथमिकता देते हैं। प्राचीन दफन पात्रों और भव्य कब्रों से लेकर ताबूतों, कफन और शव को रासायनिक पदार्थों से संरक्षित करने की परंपराओं तक, इन तौर-तरीकों में सांस्कृतिक और धार्मिक मान्यताएं झलकती हैं।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर
गुरुवार 29 अक्टूबर 2026
कार्तिक कृष्ण पक्ष चतुर्थी
वर्ष : 25, अंक : 100
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 26.1
न्यून. 23.5

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



haribhoomi.com

कैसे मिलेंगी सुविधाएं...निकायों को मिला था खजाना, लेकिन खर्च ही नहीं कर पाए रकम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों के कामकाज का ये आलम है कि शहरों में बुनियादी सुविधाएं तैयार करने के लिए शासन ने खजाना दे रखा है, लेकिन निकाय इस राशि को खर्च भी नहीं पा रहे हैं। यह बात सरकार की एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में सामने आई है। बुनियादी सुविधाएं बनाने का मतलब ये है कि सड़क, पुल-पुलिया पानी, बिजली, सफाई वगैरह। निकायों का मूल काम यही है, लेकिन वे इससे नजरअंदाज ⏭शेष पेज 5 पर

अलग खबर

तीन साल में अधोसंरचना मद के लिए 2,690 करोड़ रुपए का बजट

566 करोड़ का प्रावधान 56 करोड़ ही खर्च

विभागीय समीक्षा में 15वें वित्त आयोग के टाइड ग्रांट से जुड़े कार्यों की स्थिति भी सामने आई। इस मद में 100 कार्यों के लिए 565.16 करोड़ रुपये का प्रावधान था, लेकिन 63 कार्यों के लिए 255.14 करोड़ रुपये ही स्वीकृत हुए। इन स्वीकृत कार्यों पर अब तक सिर्फ 56.32 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। इसके अलावा, 21 कार्य शुरू ही नहीं हुए हैं।



ये है तीन साल का हिसाब

वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2026-27 तक अधोसंरचना मद में 2,690 करोड़ रुपये के बजट प्रावधान के मुकाबले 1,955.55 करोड़ रुपये के 13,057 कार्य स्वीकृत किए गए। चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में 1,190 कार्यों के लिए 194.42 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई, जिसे दस्तावेज में 22.87 प्रतिशत बताया गया है।

क्या है अधोसंरचना मद

अधोसंरचना मद से नगरीय निकायों में बुनियादी सुविधाओं के विकास से जुड़े काम कराए जाते हैं। इनमें संबंधित दिशा-निर्देशों के अनुसार सड़क निर्माण और मरम्मत, नाली-नालों तथा पुल-पुलियों का निर्माण, पेयजल पाइपलाइन और स्ट्रीट लाइट जैसी सुविधाओं से जुड़े कार्य शामिल हो सकते हैं। ऐसे कार्यों का उद्देश्य शहरों और कस्बों में जरूरी सुविधाओं का विस्तार करना और नागरिकों को बेहतर बुनियादी सेवाएं उपलब्ध कराना है।

अब बदलेगी प्रक्रिया

इस समस्या को दूर करने के लिए पंचायतों और मनरेगा में प्रचलित व्यवस्था के अनुरूप एक निश्चित लागत सीमा तक कार्यों की प्रशासनिक स्वीकृति देने के अधिकार नगर निगम आयुक्तों और जिला कलेक्टरों को सौंपने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित सीमा से अधिक लागत वाले कार्य राज्य स्तर पर प्रस्तुत किए जाएंगे। इस व्यवस्था को 16वें वित्त आयोग, अधोसंरचना मद और विभाग की अन्य योजनाओं में भी समान रूप से लागू करने का प्रस्ताव है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

पाठक सूचना

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का सामान्य कूपन
कल के अंक में देखें।

खबर संक्षेप

राजौरी में आतंकवादियों के ठिकाने का भंडाफोड़

राजौरी/जम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के एक सुदूरवर्ती जंगल में आतंकवादियों का एक ठिकाना मिला और वहां से कुछ ग्रेनेड और गोला-बारूद बरामद किया गया।

दिल्ली में बड़ी संख्या में जुटे भाजपा कार्यकर्ता, देशव्यापी अभियान का शुभारंभ

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ मार्च भाजपा अध्यक्ष बोले-मोदी कहीं नहीं जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस और विपक्षी दल एसआईआर के विरोध में आंदोलन कर रहे हैं। इसी के जवाब में भाजपा ने 'लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ' अभियान की शुरुआत की है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने दिल्ली के चांदनी चौक में पदयात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा और कहा, नरेंद्र मोदी कहीं नहीं जाने वाले और 2029 के लोकसभा चुनाव के बाद लाल किले की प्राचीर पर लौटेंगे।

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी 2029 के लोकसभा चुनाव में जीत के बाद स्वतंत्रता दिवस पर बतौर प्रधानमंत्री लालकिला जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस अपनी अंतिम सांसें गिन रही है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ नवीन ने चांदनी चौक इलाके में भाजपा की 'लोकतंत्र ⏭शेष पेज 5 पर

देश में अराजकता का कोई स्थान नहीं: नितिन नवीन

नितिन नवीन ने कहा कि कांग्रेस देश में अराजकता फैलाना चाहती है लेकिन यहां पर अराजकता का कोई स्थान नहीं है और सरकार विकास को आगे बढ़ा रही है। एसआईआर की प्रक्रिया को सही ठहराते हुए नितिन नवीन ने कहा कि जो सही है, उसका नाम चढ़ेगा और घुसपैठियों का नाम हटेगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए भाजपा का हर कार्यकर्ता संघर्ष करने को तैयार है।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के कड़वे बोल के विरोध में भाजपा का प्रदर्शन



भाजपा ने जारी किया गीत

भाजपा ने कांग्रेस अध्यक्ष की प्रधानमंत्री को लेकर की गई 'बाप' वाली टिप्पणी के खिलाफ सोशल मीडिया पर अपना अभियान तेज करते हुए एक गीत जारी किया है। गीत में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए बार-बार कहा गया है, 'मोदी कहीं नहीं जाएगा।' गीत के बोल हैं, '...आंखें झुका लो, कान खोल के सुन लो, मोदी कहीं नहीं जाएगा, मोदी कहीं नहीं जाएगा।'

राहुल और कांग्रेस पर निशाना

कई राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान का विरोध करने को लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए नवीन ने कहा, उनका संविधान से कोई लेना-देना नहीं है और उनकी पार्टी केवल वही सुनती है, जो वह या उनका परिवार निर्देश देता है। भाजपा अध्यक्ष ने यह दावा भी किया कि नरेन्द्र मोदी कहीं नहीं जाने वाले और 2029 के लोकसभा चुनाव के बाद लाल किले की प्राचीर पर लौटेंगे। लाल किले से ही प्रधानमंत्री स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र को संबोधित करते हैं।

हाईकोर्ट से मिली राहत

नए सिरे से अब तय होगी मेडिकल कालेजों की फीस



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निजी मेडिकल कालेजों की हॉस्टल, मेस और परिवहन शुल्क में कटौती करने तथा स्टूडेंट्स से अधिक वसूली गई राशि लौटाने के निर्देशों को हाईकोर्ट के जस्टिस एके प्रसाद की सिंगल बेंच ने रद्द कर दिया है। कोर्ट ने नए सिरे से शुल्क निर्धारण का निर्देश राज्य सरकार को दिया है। इस निर्देश के साथ ही कोर्ट ने प्रकरण को राज्य सरकार को वापस भेज दिया है। हाईकोर्ट ने रायपुर इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और श्रीबालाजी इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल साइंस की याचिकाओं को स्वीकार ⏭शेष पेज 5 पर

कालेजों की ऐसी दलील

कालेजों की ओर से दलील दी गई थी कि शुल्क तय करते समय भवन, कर्मचारियों के वेतन, बिजली, रखरखाव, ईंधन, परिवहन और अन्य सुविधाओं पर होने वाले वास्तविक खर्च का उचित आकलन नहीं किया गया। विद्यार्थियों की कुल संख्या और हास्टल में रहने वाले विद्यार्थियों की संख्या भी अलग-अलग शैक्षणिक सत्रों में भिन्न थी। इसके बावजूद समिति ने एक समान आधार पर शुल्क निर्धारित कर दिया। संस्थानों ने यह भी कहा कि सुनवाई का उचित अवसर नहीं मिला।

An Investor Awareness Initiative by
SEBI
भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
Securities and Exchange Board of India



CBC 15204/13/0126/2627

म्यूचुअल फंड्स | स्टॉक्स | रीट्स | इन्विट्स | बॉण्ड्स | कमोडिटीज़

विज़िट करें: investor.sebi.gov.in/ssis

सेबी Saarthi ऐप डाउनलोड करें

सहयोगी: AMFI | NSE IPFT | BSE Investors Protection Fund | MCX METAL & ENERGY Trade with Trust MCX INVESTOR PROTECTION FUND | CDSL INVESTOR PROTECTION FUND TRUST | NSDL INVESTOR PROTECTION FUND TRUST | NISM National Institute of Securities Markets A Capacity Building Initiative of SEBI





हेल्थ क्वेस्ट

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

बैठने-खड़े होने पर जब हो बैक पेन



मेरी उम्र 63 वर्ष है। करीब एक साल से मुझे बैक-पेन की प्रॉब्लम है। बैठने या खड़े होने पर दर्द बढ़ जाता है। कृपया मेरी इस समस्या का कोई कारगर समाधान बताएं।

-नवीन, महासमुंद

बैक पेन का स्थाई समाधान रेग्युलर बैक की एक्सरसाइज ही है। क्योंकि दवा से कुछ समय के लिए आराम मिलेगा, फिर दर्द हो जाएगा। साथ ही कैल्शियम और विटामिन डी की जांच जरूर कराएं। अगर कमी है तो इसकी दवा रेग्युलर लेना शुरू करनी चाहिए। साथ ही फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क कर आप बैक की एक्सरसाइज सीख लें, उन्हें नियमित रूप में करें। इससे आपको स्थायी राहत मिलेगी।

मेरी उम्र 35 वर्ष है। मुझे यूरिन पास करने में काफी दर्द और जलन होती है। कभी-कभी यूरिन का कलर पीला आता है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों हो रहा है और यह कैसे ठीक होगा ?

-दीपक, रायपुर

कई बार यूरीन कलर पीला और जलन, पानी कम पीने की वजह से भी होता है। लेकिन जैसा आप बता रहे हैं कि कभी-कभी दर्द भी होता है। इसलिए आपको नेफ्रोलॉजिस्ट से संपर्क करना चाहिए। वह कुछ जांच कराएंगे, जिसके बाद इसकी वजह पता चलेगी और ट्रीटमेंट हो सकेगा। फिलहाल पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं।

मेरी उम्र 29 वर्ष है। मेरे होंठ हमेशा रूखे और फटे-फटे रहते हैं। लिप बाम और एंटीसेप्टिक क्रीम लगाने का भी असर कुछ ही देर रहता है। ऐसा क्यों होता है ?

-सुमित, रोहतक

कुछ लोगों की स्किन ड्राय होती है और किसी की ऑयली। जिनकी ड्राय होती है, उनको इस तरह की समस्याएं हो सकती हैं। इसके लिए आप पानी का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें और समय-समय पर क्रीम लगाते रहें। इसका कोई स्थायी समाधान नहीं। इसी तरह राहत मिल सकती है।

मेरी उम्र 46 वर्ष है। मेरे सिर के पिछले हिस्से में अकसर तेज सुई चुभने जैसा दर्द होता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।

-कुशल, बिलासपुर

आपको तुरंत न्यूरोलॉजिस्ट से संपर्क करना चाहिए। वह सिटी स्कैन या एमआरआई कराकर इसकी वजह पता लगाएंगे, क्योंकि सामान्य तौर पर सिर दर्द कई बार आंख कमजोर होने की वजह से भी होता है, पर खास हिस्से में होने की वजह कुछ और भी हो सकती है, इसलिए बगैर जांच कराए कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा।

मेरी उम्र 58 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरी हार्ट बीट्स रह-रहकर तेज हो जाती हैं। मन में अजीब-सी घबराहट पैदा होती है। मुझे समझ नहीं आता कि ऐसा क्यो हो रहा है ? कृपया बताएं मैं क्या करूं ?

-बलबीर, महेंद्रगढ़

अगर आपको ऐसा महसूस हो रहा है तो इस बात पर गौर करें कि ऐसा तेज चलने से या वजन उठाने से ऐसा हो रहा है। अगर ऐसा है तो जरूर आपको तुरंत डॉक्टर से मिलना चाहिए। यह समस्या कई बार दिल से जुड़ी हो सकती है। फिलहाल इस बात का ध्यान रखें कि ज्यादा दौड़ भाग या अधिक श्रम वाला काम ना करें।

मेरी उम्र 38 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरे पेट में दाईं तरफ मीठा-मीठा दर्द बना रहता है। कृपया बताएं कि ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए ?

-संजय, राजनांदगांव

अगर हल्का-हल्का दर्द लगातार रहता है तो बेहतर होगा कि आप डॉक्टर से संपर्क कर एक बार अल्ट्रासाउंड करा लें। कई बार स्टोन की वजह भी दर्द शुरू होता है। लेकिन बगैर जांच कराएं कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। इस दौरान आप अधिक तला भुना और बाजार का खाना बंद कर दें। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल
sehatharibhoomi@gmail.com **पर ई-मेल कर सकते हैं।**



डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. तुषार राउत
न्यूरोलॉजिस्ट-कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

वर्ल्ड स्ट्रोक आर्गेनाइजेशन के अनुसार अस्वास्थ्यकर जीवनशैली, उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) और तनाव का प्रबंधन नहीं कर पाने के कारण दुनिया भर में स्ट्रोक के मामले बढ़त पर हैं। देश में विभिन्न बीमारियों से होने वाली मौतों का दूसरा सबसे बड़ा कारण स्ट्रोक है। भारत में हर 40 सेकेंड पर एक व्यक्ति स्ट्रोक से पीड़ित होता है। जो लोग पहली बार स्ट्रोक के बाद नियमित रूप से दवाएं नहीं लेते या फिर डॉक्टर द्वारा दिए गए परामर्श पर अमल नहीं करते, उनमें स्ट्रोक के दोबारा होने का जोखिम बहुत ज्यादा बढ़ जाता है।

स्ट्रोक क्या है

स्ट्रोक एक गंभीर मेडिकल इमरजेंसी है। मृत्यु व विकलांगता का एक प्रमुख कारण है। स्ट्रोक तब होता है, जब मस्तिष्क के किसी हिस्से में रक्त की आपूर्ति बाधित हो जाती है या जब कोई रक्त वाहिका (ब्लड वेसल) फट जाती है, जिससे मस्तिष्क की कोशिकाएं क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। स्ट्रोक के दो मुख्य प्रकार हैं। पहला, इस्केमिक स्ट्रोक जो मस्तिष्क में रक्त संचार में रुकावट या ब्लॉकेज के कारण होता है। दूसरा, हेमोरेजिक स्ट्रोक, जो रक्त वाहिका के फटने के कारण होता है। रिकवरी के लिए लक्षणों की जल्द पहचान और समय पर समुचित इलाज बेहद महत्वपूर्ण हैं।

शुरुआती घंटे बेहद महत्वपूर्ण

स्ट्रोक के लक्षण शुरू होने के बाद के शुरुआती घंटे बेहद महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि समय पर इलाज मिलने से मस्तिष्क में रक्त का प्रवाह फिर से शुरू हो सकता है और मस्तिष्क की कोशिकाओं को होने वाले नुकसान को सीमित किया जा सकता है। इस्केमिक स्ट्रोक के मरीजों को थक्का घोलने वाली दवा (क्लॉट-बस्टिंग मेडिकेशन) दी जा सकती है। इसके अलावा, उन्नत इंटरवेंशनल प्रोसीजर्स जैसे विशेष सक्शन डिवाइस और स्टेंट रिट्रीवर का उपयोग करके भी थक्के को हटाया जा सकता है और बंद धमनियों को फिर से खोला जा सकता है। इलाज की प्रक्रिया का चयन स्ट्रोक के प्रकार, लक्षण शुरू होने के बाद से बीते समय और मरीज की क्लिनिकल स्थिति पर निर्भर करता है। मरीज को जल्द से जल्द एक ऐसे अस्पताल पहुंचना चाहिए जहां न्यूरोलॉजिस्ट, न्यूरोसर्जन और इंटरवेंशनल न्यूरोरेडियोलॉजिस्ट की विशेष टीम उपलब्ध हो।

कुछ उपचार केवल एक निश्चित समय सीमा (विंडो पीरियड) के भीतर ही उपलब्ध होते हैं, इसलिए लक्षणों की जल्द पहचान और तुरंत इलाज जरूरी है। भले ही लक्षणों में सुधार हो जाए या वे गायब हो जाएं, फिर भी डॉक्टरी जांच में देरी नहीं करनी चाहिए।

एक्यूट (शुरुआती) इलाज के बाद, मरीजों को ठीक होने और उनके काम करने की क्षमताओं को वापस पाने में मदद करने के लिए न्यूरोरिहैबिलिटेशन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। दोबारा स्ट्रोक होने के जोखिम को कम करने के लिए सही फॉलो-अप देखभाल और डॉक्टर द्वारा बताई गई दवाएं भी जरूरी हैं।

स्पेशलः वर्ल्ड स्ट्रोक डे, 29 अक्टूबर

आंकड़ों के अनुसार 18 लाख स्ट्रोक के नए मामले भारत में प्रति वर्ष सामने आते हैं। इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि यह कितनी गंभीर समस्या है। लेकिन एलर्टनेस और प्रिकॉशन के जरिए इसकी रोकथाम की जा सकती है। यहां विस्तार से बता रहे हैं, स्ट्रोक के कारण, लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में।

लाइलाज नहीं है स्ट्रोक संभव है प्रिवेंशन-ट्रीटमेंट







रिस्क फैक्टर्स को समझें

उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर), मधुमेह (डायबिटीज), हाई कोलेस्ट्रॉल, मोटापा, शारीरिक सक्रियता की कमी या नियमित रूप से व्यायाम न करना, हृदय से जुड़ी कुछ बीमारियां, धूम्रपान, तंबाकू का सेवन और अत्यधिक शराब पीना स्ट्रोक के प्रमुख जोखिम कारक हैं। कुछ आनुवंशिक कारक भी युवाओं में स्ट्रोक के खतरे को बढ़ा सकते हैं। जैसे होमोसिस्टीन का बढ़ा हुआ स्तर भी युवाओं में स्ट्रोक के जोखिम को बढ़ा सकता है। रक्त में होमोसिस्टीन का स्तर ज्यादा होने से धमनियों में सूजन या कड़ापन (एथेरोस्क्लेरोसिस), खून के थक्के (ब्लड क्लॉट्स) बनना और स्ट्रोक का जोखिम बढ़ जाता है। स्लीप एपनिया भी एक अन्य महत्वपूर्ण जोखिम कारक है। नींद के दौरान तेज खर्राटे लेना, दिन में अत्यधिक नींद आना जैसे लक्षणों के महसूस होने पर शीघ्र ही विशेषज्ञ डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।

जीवनशैली में करें बदलाव

वर्ल्ड स्ट्रोक ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार जीवनशैली में स्वास्थ्यकर बदलाव कर स्ट्रोक के जोखिम को कम किया जा सकता है। स्वास्थ्यकर जीवनशैली के अंतर्गत जंक फूड्स से दूर रहकर समुचित संतुलित पौष्टिक आहार ग्रहण करना, नियमित व्यायाम करना और तनाव प्रबंधन से संबंधित विधियों आदि को शामिल किया जाता है।

संतुलित आहारः फलों, सब्जियों, साबुत अनाज, नट्स और प्रोटीन से भरपूर आहार स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है। सैचुरेटेड फैट, ट्रांस फैट और अतिरिक्त चीनी को सीमित करने के साथ-साथ नमक का सेवन प्रति दिन 5 ग्राम से कम रखना चाहिए।

नियमित शारीरिक गतिविधिः हफ्ते मे कम से कम 150 मिनट का मध्यम तीव्रता वाला एरोबिक व्यायाम, जैसे तेज चलना, साइकिलिंग या तैरना, स्वस्थ वजन बनाए रखने, रक्तचाप नियंत्रण और समग्र स्वास्थ्य में सुधार करने में मददगार है।

नियमित जांच और परामर्शः रक्तचाप, ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल की एक निश्चित समय अंतराल पर डॉक्टर के परामर्श से जांचें करवानी चाहिए। विशेष रूप से 35 वर्ष की आयु के बाद समय-समय पर स्वास्थ्य जांच (हेल्थ चेक-अप) कराने से जोखिम की जल्दी पहचान हो सकती है।

तनाव प्रबंधन जरूरीः पर्याप्त नींद, सही मात्रा में पानी पीना (हाइड्रेशन) और योग व ध्यान (मेडिटेशन) के माध्यम से तनाव प्रबंधन (स्ट्रेस मैनेजमेंट) भी स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है और स्ट्रोक के जोखिम को कम करने में सहायक है।

संभव है स्ट्रोक की रोकथाम

स्ट्रोक से बचाव के लिए जागरुकता, जोखिम भरे कारकों की जल्द पहचान और जीवनशैली में लगातार सकारात्मक बदलाव की आवश्यकता होती है। ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर को नियंत्रित रखना, कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखना, शारीरिक रूप से सक्रिय रहना, तंबाकू से बचना और शराब से दूरी बनाना स्ट्रोक के जोखिम को कम करने में मदद कर सकता है। इसके साथ ही, एफएएसटी (फास्ट) के चेतावनी संकेतों को पहचानना और तुरंत चिकित्सा सहायता लेना भी बेहद जरूरी है।

सर्दियों का मौसम और स्ट्रोक

सर्दियों में अन्य मौसमों की तुलना में रक्त में कहीं ज्यादा गाढ़ापन आ जाता है, जिससे रक्त में थक्का (क्लॉट) बनने लगता है। एक बड़ी संख्या में स्ट्रोक के मामले रक्त के थक्कों के बनने से होते हैं। इसलिए सर्दियों के मौसम में अपना विशेष ख्याल रखें। *

प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला



इस बार की थीम है इंपॉर्टेंट

वर्ल्ड स्ट्रोक ऑर्गनाइजेशन द्वारा निर्धारित वर्ल्ड स्ट्रोक डे के लिए इस बार की थीम है, 'एवरी मिनिट काउंट्स', जिसका हिंदी में आशय है कि स्ट्रोक की गिरफ्त में आए लोगों के लिए हर मिनट कीमती है। इस बार का हैशटैग है फास्ट। एफएएसटी (फास्ट) एक ऐसा संक्षिप्त शब्द है जो स्ट्रोक के मुख्य संकेतों को पहचानने में मदद करता है।

एफ- फेस ड्रूपिंग (चेहरा झुकना): चेहरे का एक हिस्सा झुक सकता है या सुन्न महसूस हो सकता है।

ए- आर्म वीकनेस (बांह में कमजोरी): एक बांह कमजोर या सुन्न हो सकती है।

एस- स्पीच डिफीकल्टी (बोलने में कठिनाई): आवाज लड़खड़ा सकती है या बातचीत को समझना मुश्किल हो सकता है।

टी- टाइम टू एक्ट (कार्रवाई का समय): बिना देर किए तुरंत आपातकालीन चिकित्सा सहायता लें।

अवेयरनेस

डॉ. मोनिका शर्मा

अपने देश ही नहीं पूरी दुनिया में फैटी लिवर के रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। चिंताजनक बात यह है कि बच्चे भी इसकी गिरफ्त में आ रहे हैं। ऐसे में इसके कारणों, लक्षणों के साथ ही बचाव के उपाय के बारे में जानना बहुत जरूरी है।

हर उम्र के लोगों में बढ़ रही फैटी लिवर की प्रॉब्लम



हाल के बरसों में हर आयु वर्ग के लोगों की जीवनशैली बदली है। खान-पान के तौर-तरीके में बड़ा परिवर्तन आया है। एक ओर निष्क्रिय लाइफस्टाइल ने स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ाया है तो दूसरी ओर सेहत से ज्यादा स्वाद को तवज्जो देने वाले फूड आइटम्स हमारी थाली का हिस्सा बन गए हैं। विशेषकर बच्चे हमारी परंपरागत भोजनशैली से दूर हुए हैं। इन आदतों से समग्र स्वास्थ्य पर तो दुष्प्रभाव पड़ ही रहा है, किसी अंग विशेष की सेहत बिगड़ने की स्थितियां भी पैदा हो गई हैं। ऐसी ही एक स्वास्थ्य समस्या है फैटी लिवर।

आंकड़े हैं चिंताजनकः चिंतनीय है कि 2030 तक, विश्व भर में अनुमानित 35 करोड़ 70 लाख लोग फैटी लिवर रोग के साथ जीवन जी रहे होंगे। भारत में लगभग 38 प्रतिशत से 40 प्रतिशत एडल्ट्स इस बीमारी से प्रभावित हैं। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए ही हमारे यहां 2021 में नॉन-कम्युनिकेबल डिजीज कार्यक्रम में फैटी लिवर को शामिल कर प्राथमिक स्वास्थ्य स्तर पर इसकी जांच के लिए गाइडलाइन जारी किए गए थे।

क्या है फैटी लिवरः असल में फैटी लिवर की बीमारी तब होती है, जब लिवर की कोशिकाओं में अतिरिक्त फैट यानी कि वसा जमा हो जाती है। जिससे लिवर की कार्य प्रणाली प्रभावित होती है। लिवर हमारे शरीर को डिटॉक्स करने में अहम भूमिका निभाता है। खून की सफाई, पाचन में सहायता, ऊर्जा का संग्रह और स्वस्थ शरीर के लिए आवश्यक विटामिन, मिनरल्स और महत्वपूर्ण प्रोटींस का प्रोड्क्शन और संचयन करता है। ऐसे में इंसानी शरीर का फिल्टर प्लांट कहे जाने वाले लिवर की हेल्थ बिगड़ना बहुत-सी दूसरी व्याधियों की भी जड़ बन जाता है।

न बरतें लापरवाहीः गांवों से लेकर महानगरों तक, कम उम्र में ही लोग फैटी लिवर की बीमारी का शिकार हो रहे हैं। इसकी सबसे अहम वजह खान-पान की बुरी आदतें ही हैं। आमतौर पर फैटी लिवर रोग को दो तरीके का होता है। अल्कोहलिक फैटी लिवर बीमारी अत्यधिक शराब के सेवन के कारण होती है। वहीं गैर-अल्कोहलिक फैटी लिवर की समस्या शराब के सेवन से संबंधित नहीं है। इसीलिए फैटी लिवर के लक्षणों को जीवनशैली से गहराई से जोड़कर देखा जाता है। इसके लक्षण न केवल बहुत धीरे-धीरे दिखते हैं बल्कि स्पष्ट रूप से समझना भी कठिन होता है। यही वजह है कि लाइफस्टाइल स्कैन से जोड़कर फैटी लिवर के सिंपटम्स को सही ढंग से समझना और समय पर चिकित्सा सहायता लेना आवश्यक है। इस सायलेंट हेल्थ समस्या का समय रहते उपचार न किया जाए तो फाइब्रोसिस और सिरोसिस की समस्या भी हो सकती है। लिवर क्षतिग्रस्त होने पर अतिरिक्त स्कार टिशू बनने की स्थिति फाइब्रोसिस कहलाती है। इसमें लिवर में सूजन आ जाती है। जो कि लिवर में रक्त के सामान्य प्रवाह में बाधा बनती है। वहीं सिरोसिस की गंभीर और धीरे-धीरे बढ़ने वाली तकलीफ में स्वस्थ लिवर टिशू खराब हो जाते हैं। उनकी जगह कठोर स्कार टिशू बनने लगते हैं।



प्रमुख लक्षणः पेट के ऊपरी दाएं हिस्से में असहजता बने रहने, अधिक थकान महसूस करने, बिना कारण वजन बढ़ने, भूख में कमी आने, स्किन का पीलापन और ब्रेनफॉग जैसे लक्षणों को ध्यान दिया जाना चाहिए। आरंभिक चरण में लाइफस्टाइल सुधार से इस समस्या पर काबू पाया जा सकता है।

बच्चे भी हो रहे प्रभावितः खान-पान की अस्वस्थ आदतों और निष्क्रिय जीवनशैली के घेरे में अब बच्चे भी आ गए हैं। जिसके चलते बच्चे बड़ी संख्या में फैटी लिवर की चपेट में आ रहे हैं। ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (एम्स) की स्टडी कहती है कि हमारे देश में लगभग 35.4 प्रतिशत बच्चे फैटी लिवर के रोग से पीड़ित हैं। बड़ों की बीमारी अब नई पीढ़ी में भी तेजी से पैर पसार रही है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के मुताबिक मोटे बच्चों में फैटी लिवर का आंकड़ा 60 प्रतिशत से अधिक है। गुरुग्राम में किए गए एक हालिया अध्ययन में सामने आया है कि 10 वर्ष से कम आयु के बच्चों में फैटी लिवर रोग के मामलों तेजी से बढ़े हैं। शहरी इलाकों में सामान्य वजन वाले बच्चों में भी साइलेंट बर्डन के रूप में यह बीमारी पाई जा रही है। बदलते खान-पान के कारण सिर्फ शहरों तक सीमित रहने वाली फैटी लिवर की समस्या गांवों में देखने को मिल रही है। जंक फूड की पहुंच और सुविधाजनक एवं निष्क्रिय जीवनशैली के चलते ग्रामीण इलाकों के बच्चों में भी फैटी लिवर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। चिंतनीय है कि भारत में रुरल और अर्बन दोनों को मिलाकर औसत राष्ट्रीय प्रसार दर लगभग 35.4 प्रतिशत है। यह आंकड़ा ग्लोबल एवरेज से लगभग 25 फीसदी ज्यादा है। ऐसे में मुख्य रूप से लाइस्टाइल से जुड़ी इस समस्या से बचाव के लिए पैरेंट्स का सजग रहना आवश्यक हो गया है। *

बच्चों में फैटी लिवर के कारण

बच्चों में असंतुलित आहार और शारीरिक गतिविधियों से दूरी गैर-अल्कोहलिक फैटी लिवर की समस्या बढ़ाती है। जिसका सीधा-सा अर्थ है कि बालपन को घेरते इस हेल्थ इश्यू का मुख्य कारण बदली हुई जीवनशैली ही है। एक ओर फल-सब्जियां खाने से दूरी बढ़ी है, दूसरी ओर प्रोसेस्ड-जंक फूड, पिज्जा, बर्गर, मीठे पेय पदार्थों के सेवन की आदतों ने जड़ें जमा ली हैं। बहुत से बच्चे कुकीज, बिस्कुट, कैंडी, सोडा ड्रिंक, पैकेज्ड जूस और चॉकलेट जैसे फूड प्रोडक्ट्स के एडिक्ट हो गए हैं। स्मार्ट स्क्रीन में झांकते हुए वक्त बिता रहे बच्चों का मैदानों में खेलना छूट गया है। चाइल्ड ओबेसिटी आज बड़ी चिंता बन गई है। इसीलिए बच्चों को हमारी परंपरागत भोजनशैली से जोड़ना जरूरी है। आउटडोर स्पोर्ट्स और शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देना आवश्यक है। मौजूदा दौर में जीवन के पहले ही पड़ाव ही खाने-पीने की सजगता और फिजिकल सक्रियता सबसे अहम हैं। साथ ही स्नैक अटैक और स्क्रीन स्क्रॉलिंग से बचना भी आवश्यक है। बड़ों में भी अस्वस्थ भोजनशैली, एल्कोहल का सेवन और शारीरिक निष्क्रियता ही इस रोग के मुख्य कारण हैं। स्वस्थ-सधी जीवनशैली से हर उम्र के लोग इस रोग से बच सकते हैं।





इलाहाबाद हाईकोर्ट में वकीलों ने की न्यायमूर्ति के कक्ष में तोड़फोड़

सीनियर वकील के अपमान से भड़के



प्रयागराज (उप्र)। इलाहाबाद उच्च न्यायालय में बुधवार को न्यायमूर्ति अजय भनोट के अदालत कक्ष में वकीलों ने विरोध प्रदर्शन किया और वहां रखी मेज-कुर्सियों को कथित तौर पर नुकसान पहुंचाया। उच्च न्यायालय ने इसे गंभीरता से संज्ञान लेते हुए घटना में शामिल वकीलों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति भनोट के अदालत कक्ष में पहुंचने पर वकीलों ने विरोध जताया और उनमें से कुछ ने नारेबाजी की। वकीलों के एक समूह ने कथित तौर पर अदालत कक्ष में रखी मेज-कुर्सियों को नुकसान पहुंचाया। उच्च न्यायालय ने कहा कि वकीलों की पहचान होने के बाद उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने के लिए मामला उत्तर प्रदेश बार काउंसिल को भेजा जा सकता है

यह है मामला

यह घटनाक्रम उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर न्यायमूर्ति भनोट के खिलाफ कार्रवाई की मांग किये जाने के एक दिन बाद हुआ है। बार एसोसिएशन ने महापंजीयक के माध्यम से भेजे गए पत्र में आरोप लगाया कि 27 अक्टूबर को अदालत की कार्यवाही के दौरान न्यायमूर्ति भनोट ने एक अधिवक्ता को अपमानित किया और वरिष्ठ अधिवक्ता वी. पी. श्रीवास्तव का उपहास किया। पत्र के मुताबिक पुलिस अधीक्षक स्तर के एक अधिकारी अपर शासकीय अधिवक्ता (एजीए) के पीछे वाली पंक्ति में बैठे थे। इसी दौरान एक वकील ने यह कहते हुए उनसे पीछे की पंक्ति में बैठने को कहा कि वह सीट उनकी नहीं है। आरोप है कि इस पर एजीए ने अधिवक्ता को फटकार लगाई और कहा कि वह इसकी शिकायत न्यायाधीश से करेंगे।

नहीं दी जगह, अब खड़गे के यहां होगा 'जन महाभियोग'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने संविधान की भावना और उसके प्रावधानों का उल्लंघन किया है तथा वह 'द्वेषपूर्ण जोड़ी' के इशारे पर काम कर रहे हैं। मुख्य विपक्षी दल ने यह आरोप ऐसे समय लगाया है जब विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आधिकारिक आवास पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ 'जन महाभियोग' आयोजित करने की तैयारी कर रहा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि अन्य स्थानों पर आयोजन की अनुमति नहीं मिलने के बाद 'इंडिया जनबंधन' 30 अक्टूबर को अपराह्न साढ़े तीन बजे खड़गे के आवास '10, राजाजी मार्ग' पर ज्ञानेश कुमार का 'जन महाभियोग' आयोजित करेगा। उन्होंने कहा दिल्ली रैली के पहले कई तरह से अड़ंगे लगाए जा रहे हैं।



यहां नहीं मिली अनुमति या बुकिंग

'इंडिया' गठबंधन ने कार्यक्रम के लिए तालकटोरा स्टेडियम, कॉन्स्टीट्यूशन क्लब, मावलंकर हॉल, डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र और अशोक होटल समेत कई स्थानों पर आयोजन की संभावना तलाशी थी, लेकिन उसे अनुमति या बुकिंग नहीं मिल सकी।

जदयू ने की कांग्रेस की आलोचना

इधर, जनता दल (यूनाइटेड) ने 'जन महाभियोग' के कदम की आलोचना करते हुए कांग्रेस पर संसद और न्यायपालिका का अपमान करने का आरोप लगाया है। जद(यू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने से कहा कि कांग्रेस का यह कदम उसकी 'हताशा और घबराहट' को दर्शाता है।

ईडी ने कसा शिकंजा

ड्रग्स कारोबार, मुंबई-गुजरात में 11 ठिकानों पर छापेमारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ड्रग्स की तस्करी से कमाए गए पैसों का पता लगाने के लिए मुंबई और गुजरात में करीब 11 ठिकानों पर छापेमारी की है। यह कार्रवाई 28 अक्टूबर 2026 को मुंबई जोनल ऑफिस-I की ओर से की गई। जांच एजेंसी ने यह कार्रवाई प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए), 2002 के तहत की है। इस मामले में नवीन गुरुनाथ चिचकर और उसके सहयोगियों की भूमिका जांच के दायरे में है। ईडी को शक है कि ड्रग्स की बिक्री से हासिल रकम को हवाला और क्रिप्टोकरेंसी के जरिए दूसरे देशों में भेजा गया। ईडी की जांच के मुताबिक, नवीन चिचकर और उसके सहयोगियों ने एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क के जरिए ड्रग्स की बिक्री से अपराध की कमाई जुटाई। इस नेटवर्क के जरिए कथित तौर पर कोकीन, हाइड्रोपोनिक गांजा, एलएसडी और गांजे से बने खाद्य पदार्थों की बिक्री की जाती थी।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग
सिंचाई कालोनी, शांति नगर, रायपुर-492001 दूरभाष क्र.-0771-4073555
वेब साईट www.cserc.gov.in ई-मेल : cserc.sec.cg@nic.in

जन सुनवाई स्थगन की सूचना

आयोग द्वारा दिनांक 06/10/2026 को प्रकाशित सार्वजनिक सूचना के अनुसार, पुनः खोली गई याचिका क्रमांक 07/2014 एवं 01/2015 पर दिनांक 30/10/2026 को दोपहर 12:00 बजे जनसुनवाई निर्धारित की गई थी।

इन याचिकाओं के संबंध में मेसर्स जिंदल स्टील लिमिटेड (JSL) ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (CSPDCL) के उत्तर पर प्रत्युत्तर (rejoinder) दाखिल करने हेतु आयोग से 4 सप्ताह का समय माँगा है। मेसर्स JSL का उक्त अनुरोध विचाराधीन है। अतः दिनांक 30/10/2026 तक सभी पक्षों के दलील पूर्ण नहीं हो पाएगी। इसलिए दिनांक 30/10/2026 को सुनवाई किया जाना प्रासंगिक नहीं होगा।

उपरोक्त के दृष्टिगत, आयोग द्वारा दिनांक 30/10/2026 की जनसुनवाई स्थगित की जाती है। सुनवाई की अगली तिथि पृथक से प्रकाशित की जाएगी।

//Save Electricity// उप सचिव

DAU SHRI VASUDEV CHANDRAKAR KAMDHENU VISHWAVIDYALAYA, DURG-491001 (C.G.)

No. DI/PG/Admn./DSVCKV/2026-27/1029 Dated: 27.10.2026

ADMISSION NOTICE

Online applications are invited from eligible candidates for admission in M.Tech./M.Sc. (Dairy) and M.F.Sc. (Fisheries Science) programmes for the Academic Session 2026-27. The selection of candidates shall be done on the basis of their score/ rank obtained in All India Entrance Examination for Admission to Masters degree Programme (AIEEA-PG) of ICAR conducted by National Testing Agency (NTA), New Delhi for the session 2026-27. The application form can be filled online from 01/11/2026 to 15/11/2026 (11:59 pm) through the link https://dsvckvdurg.ac.in. Applicants must pay application fee of Rs. 1000/- (Rs. 600/- in case of SC and ST candidates of C.G. State) online through the payment gateway available in the application module. The SC/ST candidates of CG state should upload jpeg file of the caste certificate issued by the competent Authority. The applicants must read the detailed admission notice available in the Vishwavidyalaya website https://dsvckvdurg.ac.in for filling the online application form after going through all the instructions therein before last date of registration.

REGISTRAR
DSVCKV, Durg (C.G.)

S-49611/1

NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN
Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Aatal Nagar Dist. Raipur- 492 002, Chhattisgarh.
Tel No: +91 771 2512000; Fax No.: +91 771 2512400..
Website: www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in

E-Procurement Tender Notice

The Chief Executive Officer, NRANVP invites tender for following works :

NIT No : 51 /DG-AMC-VSB/EEE/CE/NRANVP/2026-27, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur Dated: 26.10.2026

Name of Work: "Annual Maintenance Contract (AMC) of D. G. Sets and Synchronizing Panels installed in Office Complex, Commercial Complex and Retail Complex situated at Sector 24 and Sector 21 of Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur (C.G)." (1st Call)

Estimated cost: INR 54.54 lakh/year, EMD: INR 1.10 Lakh, Period of Completion: 36 Months

Last Time & Date of Online Submission: 15:00 hrs on 18/11/2026

The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.

Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

Chief Engineer
NRANVP

S-49597/2

कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड
"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन" सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर - 492018 फोन - 0771-2990592,
Email-mdcgmandiboard@gmail.com, website-www.agriportal.cg.nic.in

क्र./ बी-6/ वि.रा.क्षे. बस्तर/85/Mandi-I/651/26-27/4402 रायपुर, दिनांक 27/10/2026

-:: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना ::-

Main Portal : http://eproc.cgstate.gov.in

छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से "प्रपत्र अ" प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं :-

ऑनलाइन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 20.11.2026
फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि - 30.11.2026

क्र.	कार्य स्थल का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	एस.ओ.आर विवरण
जिला बस्तर, वि.ख. बकावण्ड अंतर्गत विभिन्न धान उपार्जन केन्द्रों में 200 मी.टन गोदाम निर्माण कार्य :-			लो.नि.वि. भवन कार्य दिनांक 10.06.2026 से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर।
1	छोटेदेवड़ा	10.08	
2	कोलावल	10.08	
3	मोहलई	10.08	
4	करीगांवड	10.08	
जिला बस्तर, वि.ख. बस्तर अंतर्गत विभिन्न धान उपार्जन केन्द्रों में 200 मी.टन गोदाम निर्माण कार्य :-			
5	नदीसागर	10.08	
6	चोकर	10.08	

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर देखे जा सकते हैं।

S-49603/1 प्रबंध संचालक

कार्यालय नगर पंचायत बरमकेला जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ (छ.ग.)

क्र./1019/न.प./लो.नि./2026-27 बरमकेला, दिनांक 28.10.2026

ई-प्रोक्यूरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी "द" एवं अधिक मे पेजीकृत ठेकेदारो से निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ONLINE) निविदा आमंत्रण सूचना आमंत्रित किया जाता है:-

क्र.	सि.नि. क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू. लाख मे)	अमानत राशि एफ.डी.आर/ टी.डी.आर के रूप मे
1	202953	1. CONSTRUCTION OF GUMTI TO BE NEAR SICHAI COLONY AT WARD NO.09 (20 NOS) 2. CONSTRUCTION OF GUMTI TO BE BUS STAND CHANDRAPUR ROAD AT WARD NO. 08 (20 NOS)	83.74	62800.00
2	202957	1 CONSTRUCTION OF GUMTI TO BE BESIDE GAYATRI MANDIR AT WARD NO.09 (10 NOS) 2. CONSTRUCTION OF GUMTI TO BE BUS STAND SARIYA ROAD AT WARD NO.09 (20 NOS)	62.80	47100.00
3	202959	1. CONSTRUCTION OF GUMTI TO BE. LENDHRA ROAD AT WARD NO.10 (20 NOS) 2. CONSTRUCTION OF GUMTI TO BE NEAR PANI TANKI AT WARD NO.11, 09 (20 NOS)	83.74	62800.00

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रायक्यूरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in ई- अथवा विभागीय वेबसाईट http//uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि मे कार्यालय जाकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत बरमकेला

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR

e-Procurement Tender Notice
Main Portal : http://eproc. cgstate.gov.in

NIT NO: 68 RAIPUR DATED : 27/10/2026

Online bids are invited for the following works up to 12/11/2026 at 17:30 hours.

Sr. No	System Tender No.	Name of Work/ Description of work	Probable amount of contract (In Lacs)
1	202820	मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड क्र. 45 अंतर्गत मोतीबाग के पास स्थित प्रेस क्लब का जीर्णोद्धार कार्य, मरम्मत एवं अन्य आवश्यक संधारण कार्य। (द्वितीय निविदा)	116.93
2	202821	अतिरिक्त कक्ष निर्माण-शासकीय जे.योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर भगवतीचरण शुक्ल वार्ड नगर निगम रायपुर जिला रायपुर (चतुर्थ निविदा)	10.00
2	202826	पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड क्र. 57 अंतर्गत बैरन बाजार शासकीय वेटनरी हास्पिटल में डॉग केनल का निर्माण कार्य। (द्वितीय निविदा)	10.00

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh. e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 28/10/2026, 17:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal NIT Details and other documents.

Note:- (1) All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal (2) Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. *Help Desk at Toll Free No. 18004199140* or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

ZONE COMMISSIONER
ZONE-04
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

Dream City, Clean City, Green City

NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN
Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Aatal Nagar- 492 002, Chhattisgarh.
Tel No: +91 771 2512000; Fax No.: +91 771 2512400.
Website: www.navaraipuratalnagar.com http://eproc.cgstate.gov.in

E-Procurement Tender Notice

The Chief Executive Officer, NRANVP invites tender for following works:

NIT No: 50/02:VDP/EEC/CE/NRANVP/2026-27,Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Dated: 26.10.2026

Name of Work: "Infrastructure Development of 02 Villages Nawagaon (Khuteri) & Chatauna at Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur (C.G.)" (1st Call)

Estimated cost: INR 36.18 Crs., EMD: INR 36.20 Lakhs, Period of Completion:18 Months

Last Time & Date of Online Submission: 15:00hrs on 18.11.2026

The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online. Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

Chief Engineer,
NRANVP

S-49601/2

MUNICIPAL COUNCIL, SARANGARH

E-Procurement Tender Notice (1st Call)
NIT NO: 2278 SARANGARH, Dated 28.10.2026

Online bids in three envelop system are invited for the following construction works/ up to Date 21.11.2026 at 17.30 Hours

System Tender No.	Description of works	Probable Amount of Contract (In Lakhs)	EMD Cost of Tender Form/TD R/FDR	Tender Form Fees	Time allowed for completion
202969	Construction Of Gaurav Parth From Bharat Mata Chowk to Garh Chowk via the Kosir Chowk at Municipal Council Sarangarh	249.54	150000.00	3000.00	18 Month

More details can be downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate.gov.in According to cg uad guideline. (IST) onwards.

For more details on the tender and bidding process please visit the above mentioned portal.

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
MUNICIPAL COUNCIL SARANGARH

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर

प्रथम निविदा आमंत्रण - ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ)

ब्लॉक स्तर पर विभिन्न निर्माण कार्य के लिए जोनल अनुबंध हेतु निविदा- राशि रू. 95.00 लाख

Main portal - http://eproc.cgstate.gov.in

स. क्र.	नि.आ. सू.क्र.	ब्लॉक का नाम	स. क्र.	नि.आ. सू.क्र.	ब्लॉक का नाम
रायपुर संभाग					
1	11239	आरंग	3	11241	देवभोग
2	11240	धरसीवां	4	11242	मैनपुर
दुर्ग संभाग					
5	11243	पाटन	7	11245	डोण्डी
6	11244	कवर्धा	8	11246	बालोद
बिलासपुर संभाग					
9	11247	बम्हनीडीह	16	11254	धरमजयगढ़
10	11248	नवागढ़	17	11255	लैलूंगा
11	11249	बलौदा	18	11256	कटघोरा
12	11250	पामगढ़	19	11257	मस्तुरी
13	11251	अकलतरा	20	11258	सक्ती
14	11252	लोईंग	21	11259	जैजेपुर
15	11253	घरघोड़ा	22	11260	खरसिया
बस्तर संभाग					
23	11261	जगदलपुर	32	11270	अन्तागढ़
24	11262	बस्तानार	33	11271	फरसगांव
25	11263	दरभा	34	11272	माकडी
26	11264	कुआकोण्डा	35	11273	सुकमा
27	11265	कटेकल्याण	36	11274	कोन्टा
28	11266	बड़ेराजपुर	37	11275	ओरछा
29	11267	दुर्ग कोन्दल	38	11276	नारायणपुर
30	11268	भैरमगढ़	39	11277	उसूर
31	11269	भोपालपट्टनम			
सरगुजा संभाग					
40	11278	मनेन्द्रगढ़			

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर दिनांक 04/11/2026 से देखी जा सकती है। जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 25/11/2026 तक है। निविदा में भाग लेने हेतु अमानत राशि, निविदा प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा संबंधित सभी दस्तावेज आनलाईन स्वीकार की जावेगी।

S-49605/1 Sd/- अधीक्षण अभियंता

अनिवार्य सेवानिवृत्ति का आदेश हाईकोर्ट से निरस्त

बिलासपुर। हाईकोर्ट ने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के चौकीदार रामसिंह यादव को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने का आदेश निरस्त कर दिया है। न्यायमूर्ति नरेंद्र कुमार व्यास की सिंगलबेंच ने विश्वविद्यालय को दो माह के भीतर कर्मचारी को सेवा में वापस लेने और वेतन का काल्पनिक निर्धारण करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता की नियुक्ति 6 जुलाई 2002 को हुई थी। ड्यूटी से अनुपस्थित रहने के आरोप में विश्वविद्यालय ने 2012 में उसकी एक वेतनवृद्धि रोकने का दंड दिया था। इसके बावजूद 16 अप्रैल 2013 को उसे अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे दी गई। इसके खिलाफ अभ्यावेदन भी खारिज कर दिया गया था।

एक कमरे में पांच कक्षाएं, भवन मांगने बरसते पानी में 15 किमी पैदल चलकर मैनपुर पहुंचे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



चक्रवाती अर्नब तूफान के चलते झमाझम बारिश के बावजूद आदिवासी मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के ठेमली पथरी के आदिवासी छात्र –छात्राएं एवं पालक ग्रामीण अधूरे स्कूल भवन को पूरा कराने की मांग और बदहाल शिक्षा व्यवस्था मे सुधार की मांग को लेकर 15 किलोमीटर पैदल चलकर नारेबाजी करते हुए मैनपुर पहुंचे और एसडीएम कार्यालय तथा विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। एसडीएम लोकांश एल्मा के द्वारा इस मामले मे जल्द कार्यवाही के साथ ही स्कूल भवन की समस्या को उच्च अधिकारियों तक पहुंचा कर समस्या समाधान करने का आश्वासन दिया। इसके बाद छात्र बीईओ कार्यालय पहुंचे और वहां भी ज्ञापन सौंपा।

गरियाबंद जिले के ब्लॉक मुख्यालय मैनपुर से 15 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत बोईरगांव के आश्रित ग्राम ठेमली में अधूरा स्कूल भवन के चलते एक कमरे के भीतर पांच कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है, जिसके कारण

बदहाल शिक्षा व्यवस्था को सुधारने की मांग, पहुंचे एसडीएम दफ्तर

आम जनता को, और विशेष रूप से कॉलम संख्या-ए में उल्लिखित उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि कॉलम संख्या-डी में वर्णित अचल संपत्ति (संपत्तियां), जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/बंधक है और जिसका रचनात्मक/भौतिक कब्जा (जैसा कि कॉलम संख्या-सी में वर्णित है) मेसर्स - पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड/सुरक्षित लेनदार के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, को नीचे दिए गए विवरण के अनुसार '**जैसा है, जहां है, जो है और जो कुछ भी उपलब्ध है**' के आधार पर वेचा जाएगा। ऋण लेने वाले/गिरवी रखने वाले/उनके कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों (चाहे ज्ञात हो या अज्ञात), निष्पादकों, प्रशासकों, उत्तराधिकारियों, और संबंधित ऋण लेने वाले/गिरवी रखने वाले (मृतक) के उत्तराधिकारियों को, जैसा कि सुरक्षा हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम-8(6) और 9 के कॉलम संख्या-ए में दर्शाया गया है (दिनांक के अनुसार संशोधित), एतद्वारा सूचित किया जाता है। बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया मेसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड/सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट www.pnbhousing.com पर दिए गए लिंक को देखें।

ऋणधारक, जमानतदार /वैध उत्तराधिकारी ऋण संख्या के नाम (ए)	मांगी गई राशि और दिनांक (बी)	कब्जे की प्रकृति (सी)	गिरवी रखी गई संपत्तियों का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (आरपी) (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	प्रस्तुति की अंतिम तिथि (जी)	बोली वृद्धि दर (एच)	निरीक्षण की तिथि व समय (आई)	नीलामी की तिथि और समय (जे)	[illegible] (के)
एचजेएबी/अरबीएचजी/0225/5146177, सोनी हुंज, श्रा.का.: रोशनी, भिलाई	रु. 10,05,435 व एवं 14-अक्टू.-25	भौतिक कब्जा	मकान नंबर 274/1 प.ह.नं.52, उतई, पाटन दुर्ग, छत्तीसगढ़, भारत 491107	रु. 6,38,000	रु. 63,800	12/11/2026	रु. 10,000	03-11-2026 दोपहर 12:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक	13-11-2026 दोपहर 2:00 बजे से शाम 03:00 बजे तक	ज्ञात नहीं

"लागू होने पर 18% प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित, भुगतान और/या प्राप्ति की तिथि तक हुए आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि। ** पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्

खनन क्षेत्र में 6.2 प्रतिशत की गिरावट का असर

सितंबर में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि घटकर 6.7 प्रतिशत पर आई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली। देश में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर सितंबर में घटकर 6.7 प्रतिशत रह गई। खनन क्षेत्र में गिरावट और विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि धीमी पड़ने से औद्योगिक उत्पादन की रफ्तार प्रभावित हुई। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

इसके साथ ही राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने अगस्त में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) की वृद्धि दर को आठ प्रतिशत से संशोधित कर 7.8 प्रतिशत कर दिया। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, सितंबर महीने में विनिर्माण क्षेत्र में सालाना आधार पर 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि बिजली और गैस आपूर्ति क्षेत्र में उत्पादन 11.2 प्रतिशत बढ़ा।

विनिर्माण क्षेत्र का भारांक 76 प्रतिशत

वहीं, सितंबर में खनन एवं संबद्ध क्षेत्र के उत्पादन में 6.2 प्रतिशत की गिरावट आई। अगस्त में भी इस क्षेत्र का उत्पादन 4.6 प्रतिशत घटा था। विनिर्माण क्षेत्र का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में करीब 76 प्रतिशत भारांक है। इस क्षेत्र की वृद्धि दर अगस्त में 8.6 प्रतिशत रही थी।



अगस्त में उत्पादन बढ़ाया गया : बनर्जी ने कहा, ''त्योहारों की बिक्री की उम्मीद में अगस्त में उत्पादन बढ़ाया गया था। इसके अलावा, जीएसटी दरों के युक्तिकरण से खपत को मिले शुरुआती प्रोत्साहन का असर धीरे-धीरे कम होना और पिछले साल के ऊंचे आधार ने भी सितंबर के आंकड़ों को प्रभावित किया।''

खनन क्षेत्र की वृद्धि दर घटी : इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के मुख्य अर्थशास्त्री देवेंद्र पंत ने भी कहा कि आधार प्रभाव और खनन क्षेत्र की नकारात्मक वृद्धि से सितंबर में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर घटकर 6.7 प्रतिशत रह गई। उन्होंने कहा, ''हमारा अनुमान है कि आधार प्रभाव की वजह से अक्टूबर में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर बढ़कर आठ से नौ प्रतिशत के दायरे में रह सकती है।''

उत्पादन में पूंजीगत वस्तुओं का सबसे बड़ा योगदान

औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि में मध्यवर्ती, प्राथमिक और पूंजीगत वस्तुओं का सबसे अधिक योगदान रहा। सितंबर के आंकड़े आने के साथ ही चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक की वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रही।

इन क्षेत्रों का रहा योगदान

एनएसओ के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र के 23 उद्योग समूहों में से 17 ने सितंबर में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की। इनमें मोटर वाहन, ट्रेलर एवं सेमी-ट्रेलर का विनिर्माण, बिजली के उपकरणों का विनिर्माण तथा रबड़ और प्लास्टिक उत्पादों का विनिर्माण प्रमुख योगदान देने वाले क्षेत्र रहे।

एफएमसीजी के उत्पादन में वृद्धि

उपयोग आधारित वर्गीकरण के अनुसार, सितंबर में प्राथमिक वस्तुओं के उत्पादन में चार प्रतिशत, पूंजीगत वस्तुओं में 10.4 प्रतिशत, मध्यवर्ती वस्तुओं में 12.2 प्रतिशत और बुनियादी ढांचा एवं निर्माण वस्तुओं में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसी दौरान टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन में छह प्रतिशत और गैर-टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं में 1.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

19,000 करोड़ के मोबाइल पीएलआई पर सरकार को मिला 3 लाख करोड़ का जीएसटी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने मोबाइल फोन उद्योग को 19,000 करोड़ रुपये का उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) देने के बदले इस क्षेत्र से कुल 3.25 लाख करोड़ रुपये कर के रूप में जुटाए हैं।

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बुधवार को साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, सरकार ने इस योजना के तहत 19,000 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन दिया और इसके बदले लाभार्थियों से 25,000 करोड़ रुपये प्रत्यक्ष कर तथा तीन लाख करोड़ रुपये जीएसटीके रूप में प्राप्त किए। वैष्णव ने कहा, ''इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में 25 लाख लोगों को रोजगार मिलता है। केवल मोबाइल विनिर्माण क्षेत्र में 12 लाख लोग काम करते हैं। अब और ज्यादा कोशिश करें। मंत्री की यह 'पोस्ट' एक मीडिया टिप्पणी वाले वीडियो के जवाब में आई। इस वीडियो में सार्वजनिक धन से सब्सिडी देकर इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को बढ़ावा देने की भारत की कोशिश की खामियों का दावा किया गया था और इसकी तुलना चीन में मौजूद परिवेश से की गई थी। सब्सिडी की मदद से करदाताओं के पैसे से बनाए गए तैयार मोबाइल फोन के निर्यात से भारत को जितना लाभ होता है, उससे अधिक खर्च उसे कलपुर्जों के आयात पर करना पड़ता है। सरकार द्वारा मार्च में साझा किए गए आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 में दो लाख करोड़ रुपये मूल्य के मोबाइल फोन का निर्यात किया।



- सूचना मंत्री वैष्णव ने बताया, मोबाइल फोन उद्योग को दिया गया प्रोत्साहन
- इलेक्ट्रानिक विनिर्माण क्षेत्र में 25 लाख लोगों को मिलता है रोजगार

योजना का उद्देश्य भारतीय स्मार्टफोन विकसित करना

इस योजना का उद्देश्य ऐसे भारतीय स्मार्टफोन विकसित करना है, जिनका डिजाइन और विनिर्माण देश में ही किया जाएगा। वैष्णव ने भारतीय स्मार्टफोन ब्रांड के लक्ष्य को पूरा करने के लिए अक्टूबर 2028 की समयसीमा तय की है।

रिलायंस और आईटी शेयरों की बिकवाली से बाजार नीचे आया

एजेंसी ▶▶ मुंबई



- सेंसेक्स 353 अंक, निफ्टी 22,700 अंक नीचे आया
- कच्चे तेल के दाम में आई तेजी, फेड के फैसले पर नजर

घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को गिरावट आई और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 353 अंक टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी 22,700 अंक के नीचे आ गया। कच्चे तेल के दाम में तेजी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत ब्याज दर पर फैसले से पहले सतर्क रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 352.64 अंक टूटकर 73,246.03 अंक पर बंद हुआ। हालांकि, कारोबार के दौरान इसमें भारी गिरावट आई थी जिसकी काफी हद तक भरपाई हो गई। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 995.1 अंक लुढ़क कर दिन के निचले स्तर 72,603.57 अंक पर आ गया था। निफ्टी भी 50.90 अंक की गिरावट के साथ 22,698.85 अंक पर बंद हुआ। चुनिंदा शेयरों में निवेशकों की लिवाली से व्यापक बाजार में तेजी रही। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.85 प्रतिशत और मझोली कंपनियों का मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.66 प्रतिशत चढ़ा। कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स का शेयर कारोबार के पहले दिन करीब 27 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ।

इन शेयरों में रहा नफा- नुकसान

सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 3.46 प्रतिशत, इन्फोसिस 3.34 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 1.83 प्रतिशत, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज 1.68 प्रतिशत, भारती एयरटेल 1.42 प्रतिशत और टाटा स्टील 1.37 प्रतिशत नुकसान में रहे।

मस्क ने दी चेतावनी-सैकड़ों एआई कंपनियां हो सकती हैं बंद, फूटेगा गुब्बारा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई की दुनिया में इस वक्त एक बड़ा सवाल घूम रहा है। क्या एआई का गुब्बारा फूटने वाला है या फिर इसमें से सिर्फ अतिरिक्त हवा निकल रही है। टेस्ला के प्रमुख एलन मस्क की एक हालिया चेतावनी ने बाजार की चिंता बढ़ा दी है।

मस्क ने कहा है कि एआई क्लाउड सेक्टर में बड़े पैमाने पर कंपनियां बंद होने वाली हैं। उनकी इस बात ने उस बाजार में नया दबाव बना दिया है, जो पहले से ही गिरते बांड दाम के साथ कर्ज से बने डेटा सेंटर्स को लेकर परेशान है। मस्क का अनुमान है कि नियोक्लाउड कंपनियों में तबाही आने वाली है। हालांकि दूसरी तरफ एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग ने निवेशकों को भरोसा दिलाया है कि कंप्यूटिंग क्षमता की मांग उम्मीद से कहीं ज्यादा है।

गार्टनर के आंकड़ों ने खड़े किए बड़े सवाल

रिसर्च फर्म गार्टनर का अनुमान है कि एआई कंपनियां 2026 में इंफ्रास्ट्रक्चर पर करीब 1 ट्रिलियन डॉलर खर्च करेंगी। इसके बाद 2027 से 2030 के बीच 6 ट्रिलियन डॉलर का अतिरिक्त खर्च होगा। गार्टनर के मुताबिक इस निवेश, कर्ज की लागत के साथ 12 फीसदी रिटर्न निकालने के लिए डेटा सेंटर मालिकों को 2030 तक कुल 8.5 ट्रिलियन डॉलर की कमाई करनी होगी।

बड़ी तबाही की आहट

बाजार के जानकार एड यार्डेनी ने कहा कि एआई का गुब्बारा फूट नहीं रहा है, बल्कि उसमें से सिर्फ हवा निकल रही है। उनके मुताबिक कर्ज की सख्त शर्तें फिजूलखर्ची को रोक सकती हैं, जिससे एआई का असली विकास प्रभावित नहीं होगा। अगर कर्ज देने वाले कमजोर कंपनियों से ज्यादा ब्याज मांगेंगे, तो बिना मजबूत आधार वाले प्रोजेक्ट बंद हो जाएंगे। कम पैसे वाली कंपनियों को अपनी संपत्ति बेचनी पड़ेगी या खरीदार ढूंढने होंगे। वहीं मजबूत फंड वाली कंपनियां निवेश जारी रखेंगी।

छोटी कंपनियां हो सकती है दिवालिया

गार्टनर ने चेतावनी दी है कि 2030 के अंत तक 3.5 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा का एआई इंफ्रास्ट्रक्चर खर्च डूबने के खतरे में पड़ सकता है। रिपोर्ट का ये भी कहना है कि तब तक नियोक्लाउड सेक्टर की ये छोटी कंपनियां या तो दिवालिया हो जाएंगी या बिक जाएंगी। साथ ही तेजी से बेहतर होते चिप्स के कारण पुराने उपकरण अपनी लागत निकालने से पहले ही बेकार हो सकते हैं।

बिजनेस साइट

करवाचौथ पर अनोपचंद तिलोकचंद में सजे डिजाइनर ज्वेलरी के खास कलेक्शन



रायपुर। करवाचौथ पर पति की लंबी उम्र और सुखी दांपत्य जीवन की कामना के साथ महिलाएं सोलह श्रृंगार करती हैं। इस खास मौके पर ज्वेलरी भी उनके पारंपरिक लुक को खास बनाती है। इसे ध्यान में रखते हुए सिटी कोतवाली स्थित अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स (एटी ज्वेलर्स) में लाइटवेट, डिजाइनर और ब्राइडल ज्वेलरी के आकर्षक कलेक्शन उपलब्ध हैं। यहां पारंपरिक डिजाइनों के साथ आधुनिक स्टाइल की ज्वेलरी भी पसंद की जा रही है। शोरूम के चेयरमैन तिलोकचंद बरड़िया ने बताया कि ग्राहकों की पसंद और बजट को ध्यान में रखते हुए विभिन्न रेंज में ज्वेलरी तैयार की जाती है। करवाचौथ के लिए महिलाएं अपनी पसंद के अनुसार सोने, डायमंड, कुंदन, राजवाड़ा स्टाइल और रोज गोल्ड की ज्वेलरी चुन सकती हैं। हल्के वजन के आभूषणों से लेकर खास मौकों के लिए हैवीवेट और डिजाइनर ज्वेलरी तक के विकल्प मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि ब्राइडल ज्वेलरी के लिए ध्रुव और त्रिवेणी जैसे कलेक्शन के साथ ग्राहकों को खास डिजाइन उपलब्ध कराए जाते हैं। वहीं, किफायती रेंज में ज्वेलरी खरीदने वालों के लिए टकसाल कलेक्शन भी है। शोरूम में ग्राहकों की पसंद के अनुसार कस्टमाइज्ड ज्वेलरी तैयार करने की सुविधा भी उपलब्ध है।

जिनकुशल ज्वेलर्स में करवाचौथ पर सोने की ज्वेलरी पर 3% मेकिंग चार्ज



रायपुर। करवाचौथ के अवसर पर महिलाओं के लिए सत्ती बाजार चौक स्थित जिनकुशल ज्वेलर्स में सोने, चांदी और डायमंड ज्वेलरी की आकर्षक रेंज उपलब्ध है। शोरूम में सोने के आभूषणों पर 3 प्रतिशत मेकिंग चार्ज की विशेष पेशकश की जा रही है। वहीं, चांदी के आभूषणों की खरीद पर 3 प्रतिशत जीएसटी फ्री का ऑफर दिया जा रहा है। इसके साथ ही चांदी की खरीद पर विशेष उपहार भी दिए जा रहे हैं। जिनकुशल ज्वेलर्स में महिलाओं की पसंद को ध्यान में रखते हुए हल्के और हैवी लुक वाली गोल्ड ज्वेलरी की विस्तृत रेंज रखी गई है। इसमें अंगूठी, टॉप्स, मंगलसूत्र, नेकलेस, चेन और पेंडेंट सेट शामिल हैं। वहीं, चांदी में पायल, करधन, सिक्के, हॉलमार्क बर्तन, नेकलेस, बैंगल्स और चेन सेट की वैरायटी उपलब्ध है। शोरूम में 999 शुद्धता के चांदी के सिक्के और 97 हॉलमार्क वाले चांदी के बर्तन भी रखे गए हैं। डायमंड ज्वेलरी पसंद करने वालों के लिए 10 से 12 हजार रुपए की शुरुआती कीमत में डायमंड रिंग उपलब्ध हैं।

करवा चौथ पर धनश्री ज्वेलर्स में सजा आभूषणों का खास कलेक्शन



रायपुर। करवा चौथ के पर्व को लेकर शहर के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। इस अवसर पर सदर बाजार स्थित धनश्री ज्वैलर्स ने अपने विशेष अभियान 'सौभाग्यवती भव' के तहत पारंपरिक और आधुनिक आभूषणों का आकर्षक कलेक्शन पेश किया है। प्रतिष्ठान में महिलाओं के लिए सोने के हार, आकर्षक झुमके और अन्य आभूषणों की विविध श्रृंखला उपलब्ध कराई गई है। पारंपरिक आभूषणों के साथ आधुनिक डिजाइन के गहने भी महिलाओं को आकर्षित कर रहे हैं। पर्व के चलते मनपसंद आभूषणों की खरीदारी को लेकर ग्राहकों में उत्साह देखा जा रहा है। वर्ष 1991 से ग्राहकों के बीच अपनी पहचान बनाने वाला धनश्री ज्वैलर्स गुणवत्ता, शुद्धता और विश्वसनीयता के लिए जाना जाता है। लक्ष्मीनारायण सोनी ग्रैंड संस प्राइवेट लिमिटेड के इस प्रतिष्ठान के साथ उसके उपक्रम 'अक्सर' के माध्यम से भी सोने-चांदी के आभूषण थोक, खुदरा और ऑनलाइन बाजार में उपलब्ध कराए जाते हैं।

सुमीत ज्वेलर्स में करवा चौथ पर एंटीक और डायमंड ज्वेलरी की नई वैरायटी



रायपुर। करवा चौथ के अवसर पर मालवीय रोड स्थित सुमीत ज्वेलर्स में महिलाओं के लिए सोने की एंटीक, डायमंड और टेंपल ज्वेलरी का आकर्षक कलेक्शन उपलब्ध है। इसमें लाइटवेट डिजाइन को खास प्राथमिकता दी गई है। सोने की एंटीक ज्वेलरी 15 ग्राम से शुरू है, वहीं डायमंड ज्वेलरी में 15-20 हजार रुपए से रिंग्स और ईयररिंग्स 25 हजार रूपए से उपलब्ध हैं। पेंडेंट सेट की कीमत 50 हजार रुपए से शुरू है। ज्वेलरी कलेक्शन में सोने की रिंग्स 5 हजार रुपए से और चेन की वैरायटी 3 ग्राम से उपलब्ध है। मंगलसूत्र के भी कई आकर्षक डिजाइन पेश किए गए हैं। सुमीत ज्वेलर्स के संचालक अंकित कांकरिया ने बताया कि सुमीत ग्रुप ने पिछले 21 वर्षों में ग्राहकों के विश्वास और भरोसे को अपनी सबसे बड़ी पूंजी माना है। ज्वेलरी कारोबार में पारदर्शिता, गुणवत्ता और ग्राहकों के साथ लंबे समय के संबंध हमेशा से समूह की कार्यशैली का हिस्सा रहे हैं।

लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स में मोबाइल, स्मार्ट टीवी और लैपटॉप की शानदार रेंज



रायपुर। त्योहारों के सीजन में ग्राहकों की खरीदारी को खास बनाने के लिए लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स एंड शॉपिंग मॉल ने मोबाइल, स्मार्ट टीवी, लैपटॉप सहित विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की विस्तृत रेंज पेश की है। 32 वर्षों के अनुभव और ग्राहकों के विश्वास के साथ प्रतिष्ठान में कई प्रमुख ब्रांडों के उत्पाद एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं। संस्थान के संचालक राजेश वासवानी एवं कैलाश वासवानी ने बताया कि यहां एप्पल, सैमसंग, वनप्लस, वीवो, ओप्पो, मोटोरोला, टेक्नो और गूगल पिक्सल जैसे ब्रांडों के स्मार्टफोन उपलब्ध हैं।

एप्पल आईफोन सीरीज और सैमसंग के नवीनतम स्मार्टफोन भी ग्राहकों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं। इसके अलावा एचपी लैपटॉप, मैकबुक, टैबलेट, स्मार्टवॉच, ऑडियो उत्पाद, गैजेट्स और एक्सेसरीज की विस्तृत रेंज मौजूद है। एसरप्योर के स्मार्ट टीवी, एयर कंडीशनर और घरेलू उपकरण भी उपलब्ध हैं।

डॉ. वाघानी
दर-दाँत गम पेंट
असली केंदवा मलहम
दर-दाँत (गम पेंट) बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
केंदवा मलहम दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें।
94060-21769
रजि.नं. 57303बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

हरिभूमि
HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सुविधाएं: मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग
• Hearing Aids
• दंत रोग
• मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी
• चक्कर, खर्राटे

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग
• सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड
• बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुजनता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोनः 0771-4044551 समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोनः +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज नहीं खेलेंगे प्रसिद्ध

नई दिल्ली। भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा हैमस्ट्रिंग (मांसपेशियों में खिंचाव) की चोट से पूरी तरह उबरने में नाकाम रहने के कारण 4 नवंबर से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली 5 मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। इस बीच जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी ने लिंकन में भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच खेले गए पहले अनौपचारिक चार दिवसीय मुकाबले में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया और प्रसिद्ध की जगह उन्हें मौका मिलने की संभावना है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, प्रसिद्ध अच्छी तरह से उबर रहे हैं। एक नवंबर और दो नवंबर को बेंगलुरु स्थित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में उनका मैच सिमुलेशन (मैच की तरह परिस्थितियां तैयार करना) और फिटनेस टेस्ट होना है।'

विश्व कुश्ती चैंपियनशिप : नीलम और काजल को रजत



अस्ताना। भारत को पहली महिला विश्व कुश्ती चैंपियन के लिए अभी इंतजार करना होगा क्योंकि नीलम सिरोही और काजल ढोचक को बुधवार को विश्व चैंपियनशिप के अपने-अपने फाइनल मुकाबलों में हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। हालांकि इन दोनों रजत पदक के साथ भारतीय महिला कुश्ती ने इतिहास रच दिया। विश्व चैंपियनशिप के एक ही टूर्नामेंट में पहली बार भारत की दो महिला पहलवानों ने स्वर्ण पदक के मुकाबलों में जगह बनाई। नीलम सबसे पहले मैट पर उतरीं। महिला 50 किग्रा वर्ग के फाइनल में उनका सामना जापान की दिग्गज पहलवान युई सुसाकी से था। महिला 76 किग्रा वर्ग के फाइनल में काजल यूक्रेन की तीन बार की यूरोपीय चैंपियन अनास्तासिया अल्पयेयेवा के खिलाफ उलटफेर करने के बेहद करीब पहुंच गई थीं।

हाइलो ओपनः प्री-क्वार्टर फाइनल में ईशारानी मालविका और उन्नति

सारब्रकेन। ईशारानी बरुआ, मालविका बंसोड़ और उन्नति हुड्डा ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर हाइलो ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। ईशारानी ने अंतिम-32 दौर में जर्मनी की मिरांडा विल्सन को 38 मिनट में 21-19, 21-9 से हराया तो वहीं मालविका ने हमवतन देविका सिहाग को तीन गेम तक चले मुकाबले में 18-21, 21-10, 21-14 से मात दी। टूर्नामेंट में छठी वरीयता प्राप्त उन्नति ने पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए चेक गणराज्य की तेरेजा स्वाबिकोवा को 49 मिनट तक चले मुकाबले में 17-21, 21-12, 21-11 से हराया। आकर्षि कश्यप को हालांकि 5 लाख डॉलर इनामी राशि वाले इस टूर्नामेंट से हार के साथ बाहर होना पड़ा। आकर्षि को यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा ने 21-12, 21-18 से हराया।

फरहान दूसरे तो किशन तीसरे स्थान पर पहुंचे

टी20 के नए किंग बने अभिषेक, ईशान को पछाड़ा

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट रैंकिंग में अपने हमवतन इशान किशन को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बन गए। अभिषेक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में मंगलवार को 38 गेंद में 113 रन की तूफानी पारी खेली, जो उनका इस प्रारुप में चौथा शतक है।

उनकी इस पारी की बदौलत भारत ने छह विकेट से जीत दर्ज की। इसके एक दिन बाद वह रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए। चोट के कारण पांच मैच की श्रृंखला के दूसरे और तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में नहीं खेल सके किशन तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं।

अभिषेक की कुल रेटिंग 897 अंक

पाकिस्तान के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान साहिबजादा फरहान दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, 'इस पारी की बदौलत बाएं हाथ के बल्लेबाज अभिषेक ने अपने साथी खिलाड़ी ईशान किशन को पीछे छोड़कर टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में फिर से नंबर एक स्थान हासिल कर लिया।' अभिषेक के कुल 897 रेटिंग अंक हैं जबकि फरहान 883 अंक के साथ दूसरे और किशन 866 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। किशन ने आयरलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद जुलाई में अभिषेक को पीछे छोड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया था।



अय्यर को पांच स्थान का नुकसान

भारतीय टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान श्रेयस अय्यर को पांच स्थान का नुकसान हुआ है। वह 758 रेटिंग अंक के साथ दुनिया के नौवें नंबर के बल्लेबाज हैं। दक्षिण अफ्रीका के मार्को यानसन ने टेस्ट ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में अपने हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर भारत के रविंद्र जडेजा को पीछे छोड़ दिया।

नंबर एक बल्लेबाज बनीं लॉरा वोलवार्ट



महिला एकदिवसीय रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने भारत की स्मृति मंधाना को पीछे छोड़कर दुनिया की नंबर एक बल्लेबाज का स्थान हासिल कर लिया है। स्मृति एकदिवसीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर हैं जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की सूची में वह चौथे स्थान पर हैं। टी20 सूची में वह अपनी सलामी जोड़ीदार शेफाली वर्मा से एक स्थान पीछे हैं।



टेस्ट गेंदबाजों में शीर्ष पर यानसन

यानसन टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में भी शीर्ष पर पहुंच गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को पीछे छोड़ा, जो दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। आईसीसी ने कहा, ''यानसन ने अपने करियर में पहली बार दो श्रेणियों में शीर्ष स्थान हासिल किया है। उन्होंने गकेबरहा में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के दूसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया पर दक्षिण अफ्रीका की शानदार जीत में अहम भूमिका निभाई। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने पहली पारी में बल्ले से 85 रन बनाने के अलावा मैच का रुख बदलने वाले पांच विकेट भी लिए।' यानसन टेस्ट बल्लेबाजों की आईसीसी रैंकिंग में भी 13 स्थान की छलांग लगाकर 56वें स्थान पर पहुंच गए हैं। टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह एक स्थान नीचे खिसककर 853 रेटिंग अंकों के साथ पांचवें स्थान पर आ गए हैं।



3 बार ग्रैंड स्लैम चैंपियन वावरिंका ने टेनिस को कहा, 'अलविदा'

एजेंसी ▶▶| बासेल



तीन बार के ग्रैंड स्लैम विजेता स्टेन वावरिंका ने अपने घरेलू टूर्नामेंट स्विस इंडोर के पहले दौर में पराजय के साथ अपने शानदार टेनिस करियर का अंत किया।

इस 41 वर्षीय खिलाड़ी को पहले दौर में आठवीं वरीयता प्राप्त जिरी लेहेका ने 7-5, 7-6 (2) से हराया। वावरिंका का पेशेवर टेनिस खिलाड़ी के रूप में आखिरी शॉट एक बैकहैंड था, जो लक्ष्य से काफी दूर चला गया था। इससे दर्शकों में निराशा स्पष्ट नजर आ रही थी। वावरिंका 2002 में पेशेवर खिलाड़ी बने थे और उन्होंने पिछले साल दिसंबर में घोषणा की थी कि 2026 उनका टूर पर आखिरी साल होगा।

अपना शत प्रतिशत दिया : वावरिंका

वावरिंका ने कहा पिछले 20 सालों में एक खिलाड़ी के तौर पर मेरे बारे में अलग-अलग सोच रही है। मैं अपने करियर में बस इतना चाहता था कि अपना शत प्रतिशत दूं, हमेशा लड़ूं, कोई पछतावा न हो। अपने लिए, विरोधी के लिए, टूर्नामेंट के लिए, फैंस के लिए, सबके लिए सम्मान के साथ रहूं। 20 से ज्यादा वर्षों तक यही हमेशा सबसे जरूरी चीज रही है, और यही एकमात्र तरीका है, जिससे आप खेल बिना किसी पछतावे के छोड़ सकते हैं।

प्रतिका-शेफाली की दमदार पारी वैष्णवी ने झटके पांच विकेट

तीसरा वनडे जीती भारतीय महिला टीम, जिम्बाब्वे को किया क्लीन स्वीप

एजेंसी ▶▶| वडोदरा

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तीसरे वनडे मुकाबले में जिम्बाब्वे को 8 विकेट से रौंदा। बीसीए स्टेडियम में जिम्बाब्वे से मिले 132 रनों के लक्ष्य को भारतीय टीम ने आसानी से सिर्फ 17 ओवर में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही।

यास्तिका भाटिया पहली ही गेंद पर बिना खाता खोले पवेलियन लौटीं। इसके बाद दूसरे विकेट के लिए हरलीन देओल और प्रतिका रावल ने मिलकर 59 रन जोड़े। हरलीन 19 रन बनाकर आउट हुईं। प्रतिका को शेफाली के रूप में एक और बढ़िया जोड़ीदार मिली। दोनों ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 50 गेंदों में 74 रनों की अटूट साझेदारी निभाते हुए भारतीय टीम को शानदार जीत दिलाई।



प्रतिका 56 गेंदों में 59 रन बनाकर रहीं नाबाद

प्रतिका 56 गेंदों में 59 रन बनाकर नाबाद रहीं। उन्होंने अपनी इस पारी में 4 चौके और 3 छक्के लगाए। वहीं, शेफाली वर्मा ने सिर्फ 26 गेंदों का सामना करते हुए 51 रनों की धमाकेदार पारी खेली। शेफाली ने अपनी इस इनिंग में 6 चौके और 3 छक्के लगाए। शेफाली ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से मैच को पूरी तरह से एकतरफा बना दिया। जिम्बाब्वे की तरफ से नोमवेलो सिबांडा और लोरिन फिरी ने एक-एक विकेट चटकाया।

पाटीदार का शतक, सारांश ने चटकाए 13 विकेट



नई दिल्ली। रणजी ट्रॉफी 2026-27 के पहले चरण के तीसरे मुकाबले खेले जा रहे हैं। मध्यप्रेश का मुकाबला तीसरे मैच में बिहार से हुआ, जो रजत पाटीदार की कप्तानी वाली एमपी की टीम ने तीसरे दिन ही जीत लिया। मध्यप्रदेश ने बिहार को पारी और 174 रनों से मात देते हुए इस सीजन अपनी पहली जीत दर्ज की है। इस मुकाबले में भारतीय ऑलराउंडर सारांश जैन ने 13 विकेट झटके। सारांश जैन ने पहली पारी में 7 विकेट लेने के बाद दूसरी पारी में 6 विकेट अपने नाम किए। वहीं मध्यप्रदेश के कप्तान रजत पाटीदार ने भी इस मुकाबले में शतकीय पारी खेली थी।

सबसे महंगी खिलाड़ी बनीं सोफी, यूपी वॉरियर्स ने 1.10 करोड़ में खरीदा

एजेंसी ▶▶| कोच्चि

महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2027 की नीलामी के शुरुआती चरण में ऑस्ट्रेलिया की कप्तान सोफी मोलिनेक्स सबसे महंगी खिलाड़ी रहीं। बुधवार को यूपी वॉरियर्स ने उन्हें 1.10 करोड़ रुपए में अपनी टीम में शामिल किया।



गुजरात जायंट्स (जीजी) ने भारत की युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज जी. कमलिनी को उनके बेस प्राइस 40 लाख रुपए में खरीदा। 2024 में खिताब जीतने वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) टीम का हिस्सा रहीं सोफी डब्ल्यूपीएल 2026 में नहीं खेल पाई थीं। उन्होंने अपना बेस प्राइस 50 लाख रुपए रखा था। यूपी वॉरियर्स ने बोली की शुरुआत की, लेकिन आरसीबी भी मुकाबले में बनी रही और एक मिनट से भी कम समय में कीमत 95 लाख रुपये तक पहुंच गई। यूपी वॉरियर्स ने बोली बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये कर दी, जिसके जवाब में आरसीबी ने 1.05 करोड़ रुपए की बोली लगाई। अंत में यूपी वॉरियर्स ने 1.10 करोड़ रुपए की बोली लगाकर उन्हें अपनी टीम में शामिल कर लिया। बाएं हाथ की स्पिन ऑलराउंडर, हिप की चोट से उबरने के बाद हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौटी है।



40 हजार फैंस की आने की उम्मीद

चौथे टी20 में उमड़ेगा दर्शकों का सैलाब

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

भारत और न्यूजीलैंड के बीच शुक्रवार को ईडन पार्क में होने वाले चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच को देखने के लिए लगभग 40 हजार दर्शकों के आने की उम्मीद है, जो ऑकलैंड के इस मैदान के इतिहास में तीसरी सबसे बड़ी उपस्थिति होगी।

भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला के पहले तीन मैच जीतकर अजेय बढ़त हासिल कर ली है। इन तीनों मैच के लिए बड़ी संख्या में दर्शक स्टेडियम में पहुंचे थे। अभिषेक शर्मा और युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने मंगलवार को वेलिंगटन में खेले गए तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में

भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबला कल



धुआंधार बल्लेबाजी का अद्भुत नमूना पेश किया, जिससे भारत ने 6 विकेट से बड़ी जीत हासिल की। अभिषेक और सूर्यवंशी ने पहले विकेट के लिए 133 रन की साझेदारी की, जिससे भारत ने 199 रन का लक्ष्य महज 13.2 ओवरों में हासिल कर लिया।

2019 में ईडन पार्क पहुंचे थे 36,523 दर्शक

ऑकलैंड में होने वाला मैच न्यूजीलैंड क्रिकेट के द्विपक्षीय श्रृंखला के मैचों में दर्शकों की उपस्थिति का नया रिकॉर्ड बनाएगा। इससे पहले 2019 में भारत और न्यूजीलैंड की पुरुष और महिला टीमों के बीच एक ही दिन खेले गए मैचों को देखने के लिए 36,523 दर्शक ईडन पार्क पहुंचे थे। किसी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के लिए ईडन पार्क में इससे अधिक दर्शक केवल दो बार ही पहुंचे थे। न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच 2015 के वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल के लिए 41,000 जबकि रिपोर्टों के अनुसार 1982 में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए वनडे मैच को देखने के लिए 42,000 दर्शक पहुंचे थे।





80 साल से प्रशांत महासागर में डूबे जहाजों से रिस रहा काला जहर

न्यूयार्क। द्वितीय विश्व युद्ध के समय प्रशांत महासागर में डूबे सैकड़ों युद्धपोत आज भी समुद्र के सीने पर गहरे जख्म की तरह मौजूद हैं। इन जहाजों के जंग लगे स्टील के ढांचे धीरे-धीरे टूट रहे हैं। इनके फ्यूल टैंकों से लगातार जहरीला तेल समुद्र के पानी में रिस रहा है। सामान्य तौर पर पेट्रोलियम से भरा यह कचरा समुद्री जीवों के लिए मौत का सामान माना जाता है। माइक्रोनेशिया के पास समुद्र तल पर पड़े दो जापानी जहाजों के ईंधन की जांच कर रहे वैज्ञानिकों को बिल्कुल अप्रत्याशित नतीजे मिले हैं। वैज्ञानिकों ने पाया कि इस काले और बेहद जहरीले ईंधन के भीतर बैक्टीरिया की एक पूरी दुनिया बस चुकी है।

ऑपरेशन हेलस्टोन में डूब गए थे दर्जनों जहाज

अमेरिकी वायुसेना ने 1944 में ऑपरेशन हेलस्टोन के तहत इस पूरे बेस को तबाह कर दिया था। इस हमले के बाद दर्जनों जहाज समुद्र में डूब गए थे। आज इस इलाके में करीब 2 लाख टन से ज्यादा डूबे हुए जहाजों का मलबा मौजूद है। जहाजों के गलते हुए टैंकों से दशकों से लगातार तेल बाहर निकल रहा है। यह रिसाव स्थानीय मछलियों और पूरे मरीन इकोसिस्टम को भारी नुकसान पहुंचा रहा है। पेट्रोलियम हाइड्रोकार्बन पानी में घुलकर टार बॉल्स बना देते हैं, जिससे जलीय जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।



ईंधन में वैज्ञानिकों को क्या मिला?

फिजी की यूनिवर्सिटी ऑफ द साउथ पैसिफिक के शोधकर्ताओं ने इस समस्या की जड़ तक जाने का फैसला किया। उन्होंने चुउक लैगून की गहराई में मौजूद दो मशहूर जापानी जहाजों पर फोकस किया। इनमें पहला जहाज ऑयल टैंकर शिंकोकू मारु था और दूसरा पूर्व पैसेंजर-कार्गो जहाज कियोसुमी मारु था। इन दोनों जहाजों से अलग-अलग तरह का ईंधन समुद्र में रिस रहा था। शोधकर्ताओं की टीम ने इन दोनों जहाजों के मलबे से ईंधन के सैंपल इकट्ठा किए. इसके अलावा शिंकोकू मारु के तेल और समुद्री पानी के संपर्क वाली सीमा से भी नमूने लिए गए। इन सभी सैंपल्स को गहराई से जांचने के लिए लैब भेजा गया। वैज्ञानिक मुख्य रूप से दो चीजों की तलाश कर रहे थे। पहला ईंधन की रासायनिक बनावट और दूसरा उसमें रहने वाले बैक्टीरिया।

भारत का वो गांव, जहां धरती पर उतर आता है चांद पहाड़ियों के बीच दिखती है बौद्ध संस्कृति की झलक!

नई दिल्ली। भारत में खूबसूरत जगहों की कमी नहीं है। कहीं हरे-भरे खेत और नदियां मन मोह लेते हैं, तो कहीं पहाड़ों के बीच बसे छोटे-छोटे गांव अपनी सादगी और प्राकृतिक सुंदरता से लोगों का दिल जीत लेते हैं। देश के कई गांव ऐसे भी हैं, जहां पहुंचकर ऐसा लगता है जैसे किसी दूसरी ही दुनिया में आ गए हों। लद्दाख का लामायुरू भी ऐसी ही एक खास जगह है। यहां दूर-दूर तक फैली भूरी, सुनहरी और स्लेटी पहाड़ियां किसी चांद की सतह जैसी नजर आती हैं। यही वजह है कि इसे लामायुरू मूनलैंड के नाम से जाना जाता है। अगर आपको पहाड़ों के बीच घूमना और प्रकृति के अनोखे रंग देखना पसंद है, तो यह जगह आपकी ट्रैवल लिस्ट में जरूर होनी चाहिए।

चांद जैसी दिखती हैं यहां की पहाड़ियां

लद्दाख की खूबसूरती बाकी पहाड़ी इलाकों से काफी अलग है। यहां सिर्फ हरे-भरे जंगल और बर्फ से ढकी चोटियां ही नहीं, बल्कि सूखी जमीन, ऊंची-नीची पहाड़ियां और चट्टानों की अनोखी बनावट भी देखने को मिलती है। लामायुरू मूनलैंड अपनी इसी खास खूबसूरती के लिए मशहूर है। यहां की पहाड़ियों पर कहीं गोलाकार आकृतियां दिखाई देती हैं, तो कहीं गहरे कटाव और छोटी-बड़ी घाटियां नजर आती हैं। दूर से देखने पर ये पहाड़ियां चांद की सतह जैसी लगती हैं। इन्हें देखकर ऐसा लगता है, मानो चांद धरती पर उतर आया हो। हवा, पानी और मौसम के लंबे समय तक पड़ने वाले असर से यहां की जमीन ने यह अनोखा रूप लिया है। इस जगह की एक और खास बात यह है कि सूरज की रोशनी के साथ पहाड़ियों के रंग भी बदलते नजर आते हैं। सुबह और शाम के समय इनका नजारा बेहद आकर्षक लगता है। यही वजह है कि यहां आने वाले पर्यटक तस्वीरें खींचना पसंद करते हैं। अगर आप भीड़भाड़ से दूर प्रकृति के बीच कुछ सुकून भरे पल बिताना चाहते हैं, तो लामायुरू मूनलैंड आपके लिए एक शानदार जगह हो सकती है।



पुराने बौद्ध मठ के लिए भी मशहूर है लामायुरू

लामायुरू की पहचान सिर्फ चांद जैसी दिखने वाली पहाड़ियों तक सीमित नहीं है। यहां स्थित प्राचीन बौद्ध मठ भी इस जगह को खास बनाता है। इसे लामायुरू मठ या युरु गोम्पा कहा जाता है। यह लद्दाख के प्रमुख बौद्ध धार्मिक स्थलों में गिना जाता है और बौद्ध धर्म की द्रिकुंग काग्यू परंपरा से जुड़ा हुआ है। समुद्र तल से करीब 3,510 मीटर की ऊंचाई पर स्थित इस मठ का धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व है। मान्यता है कि 11वीं सदी में बौद्ध योगी नारोपा ने यहां साधना की थी। स्थानीय परंपरा में यह कहानी भी सुनाई जाती है कि इस घाटी में कभी एक झील हुआ करती थी। बाद में झील का पानी सूख गया और यहां धार्मिक केंद्र विकसित हुआ।

युरु कबग्यात उत्सव में दिखती है लद्दाख की संस्कृति

अगर आप लामायुरू की स्थानीय संस्कृति को करीब से देखना चाहते हैं, तो यहां होने वाला युरु कबग्यात उत्सव आपके लिए खास हो सकता है। यह लामायुरू मठ में आयोजित होने वाला सालाना बौद्ध उत्सव है। इस दौरान मठ में धार्मिक कार्यक्रम होते हैं और भिक्षु पारंपरिक पोशाक पहनकर रंग-बिरंगे मुखौटों के साथ छम नृत्य करते हैं। इन नृत्यों का बौद्ध धर्म में धार्मिक महत्व है। उत्सव के समय स्थानीय लोग और पर्यटक बड़ी संख्या में यहां पहुंचते हैं। पारंपरिक वेशभूषा, मुखौटे और धार्मिक गतिविधियां इस आयोजन को देखने लायक बनाती हैं। हालांकि, उत्सव की तारीख हर साल बदल सकती है। इसलिए, अगर आप इसे देखने के लिए लामायुरू जाने की योजना बना रहे हैं, तो यात्रा से पहले मठ या स्थानीय पर्यटन संबंधी आधिकारिक स्रोतों से तारीख की पुष्टि जरूर कर लें।

अपनी लार से बनाती है नेस्ट

सोने से भी महंगा बिकता है इस चिड़िया का घोंसला

नई दिल्ली। आज के दौर में सोना खरीदना हर किसी के बस की बात नहीं रह गई है। बढ़ती कीमतों के चलते लोग गहने खरीदने से पहले कई बार सोचते हैं। भारत में सोने को कीमती संपत्ति और निवेश का भरोसेमंद विकल्प माना जाता है। लेकिन, क्या आपने कभी ऐसी चिड़िया के बारे में सुना है, जिसका घोंसला भी लाखों रुपए में बिक सकता है। दुनिया में स्विफ्टलेट नाम की एक छोटी-सी चिड़िया पाई जाती है, जिसके घोंसले की अंतरराष्ट्रीय बाजार में काफी मांग है।



अंधेरी जगहों पर बनाती है घोंसला

आमतौर पर चिड़ियों को पेड़ों की टहनियों, पत्तियों और सूखी घास से घोंसला बनाते देखा जाता है। लेकिन, स्विफ्टलेट चिड़िया अपने मुंह से निकलने वाली लार की मदद से घोंसला तैयार करती है। इसकी लार हवा के संपर्क में आकर सूख जाती है और धीरे-धीरे एक मजबूत, कप जैसी संरचना बना लेती है। स्विफ्टलेट अक्सर ऊंची चट्टानों, गुफाओं और अंधेरी जगहों पर अपना घोंसला बनाती है।

आखिर क्यों लाखों में बिकता है इसका घोंसला?

स्विफ्टलेट के घोंसले का इस्तेमाल खासतौर पर दक्षिण-पूर्व एशिया और चीन में लोकप्रिय बड्र्स नेस्ट सूप बनाने के लिए किया जाता है। चीन, हांगकांग और सिंगापुर जैसे बाजारों में इसे एक महंगे व्यंजन के तौर पर परोसा जाता है। इसकी गुणवत्ता, शुद्धता और उपलब्धता के आधार पर कीमत अलग-अलग हो सकती है। अच्छी गुणवत्ता वाले घोंसलों का एक किलोग्राम लाखों रुपये तक में बिक सकता है। परंपरा कहती है इस सूप को सेहत, त्वचा की चमक और रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिए फायदेमंद माना जाता रहा है। इसके घोंसलों में प्रोटीन और कुछ अन्य जैविक घटक पाए जाते हैं। हालांकि, इसके सेवन से मिलने वाले कई बड़े स्वास्थ्य लाभों के समर्थन में वैज्ञानिक प्रमाण अभी सीमित हैं।

चीन के रेस्टोरेंट ने परोसी अजीब डिश 'कॉकरोच एग टार्ट'

बीजिंग। चीन के एक रेस्टोरेंट ने सबको चौंका दिया है। सोशल मीडिया पर एक अजीब डिश वायरल हो रही है, जिसे देखकर कोई भी हैरान रह जाए। मीठे और मलाईदार एग टार्ट के ऊपर बड़े-बड़े कॉकरोच जैसे कीड़े सजाकर परोसे जा रहे हैं। यह सुनकर ही अजीब लगता है, लेकिन चीन में यह डिश काफी ट्रेंड कर रही है और लोग इसे खूब चाव लेकर खा भी रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, यह मामला चीन के ग्वांगडोंग प्रांत के शुंडे इलाके के एक रेस्टोरेंट का है। अक्टूबर 2026 में इस रेस्टोरेंट ने 'वॉटर रोच एग टार्ट' नाम से एक नई डिश शुरू की। दिखने में यह बड़े कॉकरोच जैसा लगता है। इसे देखकर लोग कह रहे हैं कि इसे देखना भी मुश्किल है। लेकिन, रेस्टोरेंट के मालिक पैन का कहना है कि यह कॉकरोच नहीं, बल्कि पानी में मिलने वाला डाइविंग बीटल है।









हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com